There are three important points. Basically, you cannot become an electrician without having a certificate from the union or the guild. So, there are trade bodies for each vocation. If you set up an apprenticeship system without having bodies for each trade, it is like putting the cart before the horse. It is bound to fail.

Secondly, why would a youth go in for that? As some of the Members have said, the apprenticeship system was abused. It was abused in child labour and so on. It was illegally abused. Now we are going to legally abuse it. After all, what does a youth get? He gets Rs.1900. He is not guaranteed a job and he is not guaranteed quality training. Now, by passing the Bill, we are ensuring that the Government will not reach its main goal. I think, we cannot afford Prime Minister Shri Modiji to fail in his most important mission. The Bill has to go to the Select Committee. Otherwise, we are guaranteeing a failure of the Government in its most important mission.

*m08

श्री गणेश सिंह (सतना) : उपाध्यक्ष महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं शिक्षु (संशोधन) विधेयक, 2014 जो अधिनियम 1961 में संशोधन करने के लिए प्रस्तुत किया गया है, उसके समर्थन में अपनी बात रख रहा हूं। दरअसल इस संशोधन से पहले वर्ष 1973, 1986, 1997 तथा वर्ष 2008 में भी संशोधन लाये गये थे। यह पांचवां संशोधन है। इस संशोधन की जरूरत क्यों पड़ी? आज देखा जा रहा है कि इस पुराने कानून में जो नियोजक है, उन्हें प्रशिक्षण देने में बहुत सारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है । इस कारण वे इस योजना को पूरी तरह से लागू नहीं कर सके। इस अधिनियम में संशोधन करने के लिए सीएसी का गठन हुआ था। उस सीएसी ने अपनी सहमति दी कि इन-इन बिन्दुओं पर संशोधन करने से अधिक से अधिक शिक्षुओं को प्रशिक्षित किया जा सकता है। आज हमारे देश के विभिन्न क्षेत्रों में एक आकलन दर्शाया गया है कि 4.9 लाख सीटें उपलब्ध हैं, लेकिन अभी तक मात्र 2.82 लाख लोग ही उसका लाभ उठा सके हैं। यह अभी पब्लिक सैक्टर में था। जो प्राइवेट सैक्टर है, उसमें और भी बड़ी संख्या है। प्राइवेट सैक्टर अभी इससे अछूता था। अब इस संशोधन में प्राइवेट सैक्टर को भी जोड़ने की बात रखी गयी है। यह निश्चित तौर पर स्वागत योग्य कदम है, लेकिन इसमें मेरा एक सुझाव है। मंत्री जी ने अभी कहा कि एक यूनिट अगर चार राज्यों में है, तब उसे इस प्रावधान के तहत लाया जायेगा। अब हो सकता है कि एक यूनिट चार राज्यों में न हो, जैसे मैं जिस क्षेत्र सतना से आता हूं, वहां बड़े-बड़े सीमेंट प्लांट्स हैं। अब उसमें एक ही यूनिट का सीमेंट प्लांट है, जो 6 मिलियन टन सीमेंट का उत्पादन करता है। वहां पर दो-ढाई हजार से लेकर तीन हजार तक वर्कर्स काम करते हैं। चूंकि एक ही यूनिट है और उसी यूनिट को हम छोड़ देंगे, तो मुझे लगता है कि वहां के शिक्षुओं को लाभ नहीं मिल पायेगा। इसमें एक संशोधन किया जा सकता है कि अगर एक ही मालिक की दो यूनिटें उसी राज्य में हैं, तो उन्हें भी इसमें शामिल करने से ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ दिलाया जा सकता है।

वैसे तो इस संशोधन विधेयक में काफी चीजें ऐसी शामिल की गयी हैं, जिनमें वाकई में बहुत सारी कठिनाइयाँ देखने को मिलती थीं। उनमें जो अर्द्धकुशल कारीगर थे, उनको न्यूनतम मज़दूरी कितनी मिलेगी, पहले इसका कोई प्रावधान नहीं था। लेकिन अब इस संशोधन विधेयक में उसकी व्यवस्था भी क्रमबद्ध रूप में होगी और उसका लाभ उन लोगों तक पहुंचेगा। इसी तरह से, पहले जो अधिनियम को पूरी तरह से लागू नहीं करता था, तो उसके लिए छः महीने के कारावास का प्रावधान था, इसमें भी एक संशोधन आया है। उसमें वे कतराते थे और काम नहीं करते थे, तो उनको सिर्फ आर्थिक जुर्माना तक ही सीमित रखा जाए, यह भी एक स्वागतयोग्य कदम है। इस अधिनियम में जो संशोधन हुए हैं, पहले के जो प्रावधान थे, उसके अनुसार काफी लोग इससे अछूते रह जाते थे, जैसे आईटीआई से प्रशिक्षण लेने वाले बेरोजगार हैं, जब वे किसी पब्लिक सेक्टर या प्राइवेट सेक्टर में नौकरी के लिए जाते हैं, पब्लिक सेक्टर में तो प्रावधान था कि प्रशिक्षण देने के उपरांत यदि वहां पर पद रिक्त है, तो उनको वहां पर सर्विस मिलती थी। लेकिन प्राइवेट सेक्टर में ऐसा प्रावधान नहीं था। मुझे लगता है कि इसे भी जोड़ा जाना चाहिए। जो आईटीआई पास बच्चे हैं, जो डिप्लोमा होल्डर इंजीनियर्स हैं, जो प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं, चूंकि वहां पर पद रिक्त हैं, तो वहां उनको नियमित रूप से काम मिले, ऐसा प्रावधान भी इसमें किया जाना चाहिए। काफी बातें इसमें स्पष्ट की गयी हैं और आने वाले समय में इसका लाभ निश्चित तौर पर मिलेगा।

हमारे प्रधानमंत्री जी कहते हैं कि हमारे देश में इतने नौज़वान हैं, दुनिया में ये सबसे ज्यादा हमारे देश में हैं, 65 फीसदी आबादी नौज़वानों की है, जिनकी उम्र 35 वर्ष है। लेकिन इनका उपयोग कैसे किया जाए? हमें इन्हें स्किल्ड कैसे बनाना है? दुनिया में हमारी पहचान स्कैम इंडिया के नाम पर हो चुकी है। हम इसे स्किल्ड इंडिया बनाना चाहते हैं, विभिन्न क्षेत्रों में, चाहे वह सरकारी क्षेत्र हो, या प्राइवेट सेक्टर हो, सभी क्षेत्रों में इनको कैसे कौशलयुक्त बनाया जाए, कैसे इनको टेक्निकल एजुकेशन दिया जाए ताकि ये पूरे देश-दुनिया में अच्छे रोज़गार कर सकें, अच्छी नौकरी प्राप्त कर सकें और हमारे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत कर सकें। जिस देश में युवाओं की इतनी संख्या हो, जैसे वर्ष 2022 तक 3470 लाख अतिरिक्त कुशल जनशक्ति की जरूरत पड़ेगी, ऐसा एक अनुमान आया है। तो इतने कुशल लोगों को हम कहाँ ढूढ़ेंगे, जब तक हम इन्हें टेक्नीकल प्रशिक्षण नहीं देंगे। आज बड़ी संख्या में बेरोजगार नौज़वान हमारे देश में हैं। अभी हमारे एक मित्र यहाँ पर अपनी बात रख रहे थे। वे कह रहे थे कि नौजवानों के पास डिग्री तो है, लेकिन टेक्निकल एजुकेशन नहीं है। टेक्निकल एजुकेशन न होने के कारण उनको काम नहीं मिलता। एम.ए., एम.कॉम, बी.एस.सी. की डिग्री लिये हुए लोग घूम रहे हैं, नौकरी ढूढ़ते फिर रहे हैं, लेकिन टेक्निकल एजुकेशन न होने के कारण उनको रोजगार नहीं मिल पा रहा है। आज जरूरत इसी बात की है कि ऐसे जो पुराने कानून हैं, उन कानूनों में संशोधन किए जाएं और जो संशोधन विधेयक यहाँ पर माननीय मंत्री जी ने प्रस्तुत किया है, निश्चित तौर पर वह स्वागतयोग्य है। आज दुनिया के दूसरे देशों की तरफ जब हम देखते हैं, हमें पता चलता है कि जर्मनी में तीन मिलियन, चीन में बीस मिलियन और जापान में दस मिलियन से ज्यादा प्रशिक्षित लोग हैं। इसीलिए उन देशों की अर्थव्यवस्था इतनी मजबूत हुई है। तो आज जरूरत इसी बात की है कि इस विषय पर हम लोगों को भी गंभीरता से विचार करना चाहिए।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं एक बात और कहूँगा। जो आईटीआई प्रशिक्षित बच्चे हैं, जो नियोजक है, मान लीजिए कि अभी सात और एक का एवरेज़ है, यदि सात श्रमिक उनके यहाँ काम करते हैं, तो उस पर एक प्रशिक्षित श्रमिक रहेगा। मुझे लगता है कि उसकी संख्या और घटानी चाहिए। इसमें तीन और एक का एवरेज़ रखना चाहिए। जो उनको मजदूरी मिलती है, जो पारिश्रमिक मिलती है, जो प्रशिक्षण शुल्क मिलता है, वह बहुत कम है, वह मात्र 2400-2800 रुपए हैं। मेरा विचार है कि उस राशि को भी बढ़ाये जाने की जरूरत है। इस प्रावधान के तहत केन्द्रीय संस्थानों में तो इस प्रकार की सुविधा दी गयी है, लेकिन प्राइवेट सेक्टर में भी इसी प्रकार की व्यवस्था करना आवश्यक है। मंत्री जी ने इसमें संशोधन लाकर निश्चित तौर पर एक अच्छा कदम उठाया है। अभी हमारे मित्रगण कह रहे थे कि इस पर चर्चा कराने के पूर्व इसे स्थायी समिति को भेजा जाना चाहिए। निश्चित तौर पर स्थायी समिति तो अपनी जगह पर एक महत्वपूर्ण जगह है, वहाँ जाना चाहिए, बातचीत होनी चाहिए, लेकिन कभी-कभी ऐसे अवसर भी आते हैं, जब देश में बेरोजगार नौजवानों की जरूरत को देखते हुए, आज बेरोजगार नौजवानों के लिए जरूरत है। बहुत बड़ी संख्या में प्रशिक्षणार्थी इधर-उधर भटक रहे हैं। इन कठोर कानूनों के कारण शायद उनको इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। ऐसे समय में अगर कोई सीधा निर्णय लेना पड़े, तो लेना चाहिए। संसद सर्वोपरि है, इसको निर्णय लेने का पूरा अधिकार है। यहां चर्चा पूरी तरह से हो रही है और इस बिल को पारित करके कानून की शक्ल में परिवर्तित करना चाहिए। मेरा यह सभी साथियों से निवेदन है।

मैं इस बिल का पूरी तरह से समर्थन करता हूं।

*m09

SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY (BAHARAMPUR): Sir, I rise to participate in the Apprentices (Amendment) Bill, 2014.

It is true that we need skill because we believe that efficacy of skill can kill the pangs of unemployment. There is an adage that well begun is half done and apprenticeship seems to be the training of the beginner for the job market. It intends the promotion of new skilled manpower and honing the old skill so as to adopt to the emerging job market.

I will simply draw the attention of the hon. Minister to the memorandum regarding delegated legislation in the Bill. I am of the personal view that what you consider as a matter of procedure and detail requires thorough scrutiny by this House or by the Parliamentary Standing committee.

The Bill does not talk about the level of stipend which will be paid to them. The current stipend levels ranging from Rs. 1,090 to Rs. 1,620 for trade apprentices and Rs. 1,440 to Rs. 2,600 for graduates and technicians are so low that they do not even cover the cost of transportation of the apprentices. Further long duration of training at such low levels makes the programme unattractive for a large section of candidates.

I would like to draw the attention of the hon. Minister to clause 9. It states that the weekly and daily hours of work of apprentices while undergoing practical training in a workplace shall be as determined by the employer. What safeguards are there to ensure that these poor apprentices are not over-exploited or made to put in more hours of work than what is reasonable? Do you have any regulatory framework in place to check this kind of aberrations?

Again, there is no short term and long term requirement of skilled manpower in various sectors because there is no sector-wise standardization that has been expressed in this Bill. For example, if you take the aviation sector, as per Government estimates, over five lakh skilled workers would be needed in the aerospace and aviation sector over the next ten years. Similar is the situation in food processing industries, healthcare, manufacturing, tourism and hospitality and other sectors. I would like to know whether the Government is well equipped with the requisite infrastructure to create and impart skill to the youths. Therefore, I would propose that the Government should take the initiative for the creation of infrastructure under corporate social responsibility because it will help a lot.

There is also a feeling that the current curriculum is outdated. Moreover, there is also no uniformity across the country with regard to the entrance examination for admission to ITIs. All these things including upgrading the infrastructure in ITIs require immediate attention. They have to be attended on a priority basis.

Therefore, there is a lot more to be done through this legislation. I do not have any dispute with the intent of this legislation. But the fact is that there are many lacunae which are observable and they need to be obviated. We know that there is a demand for health safety and welfare measures for apprentices; there is a demand for leave and holidays for them. The employers' liability to pay compensation for injuries has not been explicitly depicted here.

I would also suggest to the hon. Minister that the Ministry may appoint National Advisory Committee. That Committee can include all the stakeholders including representatives of employers, representatives of labour, educated officers of other executive departments. If we want to make it a comprehensive legislation, we should take all the stakeholders into confidence. The intention of the Bill is to develop the competence level of the apprentices and that intention should be realized.

Sir, I shall be very brief; you have already warned me that there is shortage of time.

Apprentice is a powerful vehicle for skill development; it lubricates the labour market from rural to urban, from unorganized to organized, from subsistence level to decent wage living. That is why, it acts as a lubricant in the apprentice market. But I find that this Government is in a hurry to pass the legislation, which is contrary to its intention. The Government recognizes itself as a Government for the corporate, by the corporate and of the corporate.

HON. DEPUTY SPEAKER: I told you already that we are not going to have lunch-break today.

*m10

SHRI MUTHAMSETTI SRINIVASA RAO (AVANTHI) (ANAKAPALLI): Thank you, Sir, for giving me this opportunity. I will not take much time. I support this Apprentice (Amendment) Bill, 2014.

What is the strength of India? Mainly, it is human resource. Within a short span of time, how China became a super power? It is only with the help of human resource. But unfortunately, in our country, even though human resource is available, we are lagging behind in skilled manpower. So, I strongly feel that this Bill will definitely help improve competency levels of our human resource. But I suggest one or two points.

At the time of apprenticeship, the remuneration that is being paid to them is very low. I would request the hon. Minister to increase the payment. Secondly, at the time of apprenticeship, the facilities must be extended to apprentice people, as is being done in the case of the permanent workers. The third is that we have to change the educational system. There is a lot of difference between the industry expectations and institutional training. He may be 10^{th} class or inter-mediate or ITI or diploma, but he requires a lot of practical training at the school and college levels. If it is done, when they come for job, definitely they would cope up very quickly. But unfortunately, in our educational system, we are giving a lot of importance for marks and theoretical knowledge than the practical knowledge. That is why, even though lakhs of people are being educated in this country, a very few are getting jobs. So, I would request the hon. Minister not only to pass the Bill, but from the Government of India, he should enforce the corporate sector – it is the corporate social responsibility – to improve the technical skills of the Indian youth. Improving technical skills of the Indian youth should be made mandatory for all the corporate companies in India as then only the industries will progress and the country will progress. With these few words, I support the Apprentices (Amendment) Bill, 2014.

*m11

SHRI M.B. RAJESH (PALAKKAD): Thank you, Mr. Deputy Speaker, Sir. Many of my esteemed colleagues have already expressed their concerns regarding Apprentices (Amendment) Bill. I too share their concerns and my view is also that this Bill needs detailed scrutiny and hence should be sent to the Standing Committee.

Sir, India has the youngest labour force with 12 million new entrants in the labour market every year. Only 2.5 per cent of the employees have any certified skills. This points to the utter lack and total failure of training facilities in our country.

Sir, we hear a lot about demographic dividends. How will we be able to reap the benefits of demographic dividends? Benefits of demographic dividends can be reaped only if proper training and skill development schemes are there. Why the apprentices training schemes have failed? The Government has accepted that the performance of apprentices training schemes is not satisfactory and a large number of training facilities available in the industry are going un-utilised thereby depriving unemployed youth to avail the benefits of ATS. Why this has happened?

This has happened because private employers are not taking up the responsibility of imparting training to the new entrants in the labour market. They are not interested to do that. They are only interested in recruiting trained labour force. They only want finished products. They do not want to recruit apprentices and give them proper training. In their quest to maximize profits, they are searching for trained labour. They are searching for finished products. What should we do?

Why they are not doing this is, because this Act is rigid. The reason being put forward is since the Act is so rigid, proper skill development training is not being imparted. It is not because of that. Is it because there is a penal provision for imprisonment? You are taking away that provision now. Is it because of that? No. Can you give a single example of sending some employer to jail for violating this Act or any other labour law? In the entire history of our country not a single employer has been sent to jail or imprisoned due to violation of labour law. Is that the reason? These are only arguments for the sake of argument and I do not agree with this.

Secondly, no absorption is taking place. After training, no absorption is taking place. My suggestion would be to link the incentives given to corporate industry to employment....(*Interruptions*) I will conclude in two to three minutes. This is an important Bill. This is not going to be sent to the Standing Committee. At least, let us have a detailed discussion here.

So, for ensuring absorption of apprentices you should link the incentives given to industry to employment. In the name of growth you are giving lakhs and crores of rupees as incentives. Let it be linked with employment.

Thirdly, coming to the Bill, why is proper training not happening? It is because these employers are not interested in giving training. They are more interested in recruiting cheap labour in the name of apprentice and training. Sir, you come from Tamil Nadu. I can give you a lot of examples, especially from Tamil Nadu and textile sector where 90 per cent of the workforce of a factory is branded as apprentice or trainees.

Why are they recruited as trainees? It is because if they are recruited as trainees, they will not come under any Act; no labour laws are applicable; no minimum wages are to be paid; and no other benefits are to be given. This is nothing but blatant violation of Apprentices Act. You should look into this aspect and this should be changed.

This Bill is giving free hand to employers. It says that the hours of work and leave will be as per the discretion of employers. This is giving a free hand to employers. This should not be left to whims and fancies of the employers alone.

Finally, before bringing such an important Bill, you should have discussed it with stakeholders. I am sure you have not discussed it with stakeholders. You should have discussed it with various trade unions and youth organisations. Anuragji is sitting here. He is the President of a youth organisation. I am also representing a youth organisation called, Democratic Youth Federation of India. You should have discussed it with all stakeholders. You have not even consulted your own trade union, namely, BMS, which is staunchly opposing this piece of legislation. You have not been able to convince even BMS which is your own trade union. You might have uploaded this Bill on the website but there was no detailed discussion. There was no consultation with stakeholders, that is why, I am demanding that this Bill should be sent to the Standing Committee for detailed scrutiny and discussion.

*m12

श्री ओम बिरला (कोटा) : उपाध्यक्ष जी, आज यह जो बिल लाया जा रहा है, Âवर्ष 1961 में इसका एक्ट बना। उसके बाद वर्ष 1974, 1986, 1997 और वर्ष 2008 में संशोधन किए गए। जिस तरह से देश में परिवर्तन हुआ और जिस तरह से पड़ोसी देश में रोजगार सृजन और प्रशिक्षित नौजवान तैयार हुए, उसके कारण आज हमें वर्तमान परिस्थिति के अंदर इस देश में हमारे पड़ोसी देशों के मुकाबले अच्छे अनुभव और हर कला में दक्षता की आवश्यकता है। दुनिया जानती है कि भारत आने वाले समय में नौजवानों का देश होगा, इसलिए हमारे जो मानव संसाधन सृजन हैं, उन्हें डेवलप करने की आवश्यकता है। हमारी सरकार द्वारा इस बिल को लाने के पीछे जहां हमारे देश के अंदर उन नौजवानों को प्रशिक्षित करना हैं, वहीं इस तरह के संशोधन किए हैं, जिनका मैं यहां जिक्र करना चाहता हूं।

उपाध्यक्ष जी, सैक्शन-6 के अंदर जो परिवर्तन किया है, उसमें ट्रेनिंग के सब्जेक्ट लोकल डिमांड पर आधारित होने चाहिए और स्टेट काउंसिल द्वारा प्रस्तावित किए जाने का प्रावधान होना चाहिए। जिस प्रदेश के अंदर जिस तरह की इंडस्ट्री लग रही है अगर हम अप्रेंटिसशिप वहां की लोकल इंडस्ट्री के आधार पर चलाएंगे, जिस तरह से गुजरात में परिवर्तन हुआ। हमारे तत्कालीन प्रधानमंत्री जी ने गुजरात की धरती पर जिस तरीके से अलग-अलग इंडस्ट्री के साथ आस-पास के नौजवानों को रोजगार मिल सके, उसकी ट्रेनिंग की व्यवस्था की। जहां जिस तरीके का उद्योग हो, उस तरह की दक्षता की ट्रेनिंग हो, तो शायद नौजवानों को बहुत दूर जगहों पर नौकरी करने के लिए पलायन नहीं करना पड़ेगा।

मोरबी में टायल्स की इंडस्ट्री है, अगर सरकार का विज़न न हो कि वहां पर अलग-अलग इंडस्ट्री लगाएंगे, अलग-अलग ट्रेड करेंगे, तो कैसे होगा? गुजरात में माननीय प्रधानमंत्री जी ने परिवर्तन किया है। सैक्शन 9 में जो विषय जोड़ा गया है, वह महत्वपूर्ण है। सैक्शन 9, 8 में सैक्शन जोड़ा गया है। 75 परसेंट तक नौजवान आकर्षित नहीं होते थे क्योंकि पहले जो कानून था, उसमें न उद्योग कोशिश करते थे न एप्रेंटिस कानून में नौजवानों को एप्रेंटिसशिप करने का लाभ मिलता था। अब इन सैक्शनों में परिवर्तन किया गया है। इतना ही नहीं सैक्शन 14 में जो नौजवान दुकानों पर

नौकरी करते थे, उनको भी ट्रेड वाइज प्रशिक्षित करने का प्रावधान किया गया है। इस कानून को और लचीला बनाना चाहिए। राज्य को और अधिकार देने चाहिए ताकि हर इंडस्ट्री को ट्रेनिंग और तमाम व्यवस्था करने का अधिकार मिले। मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि वे जो संशोधन लाए हैं, बहुत बेहतर है लेकिन और ज्यादा संशोधन करने की आवश्यकता है ताकि इस देश को स्वावलंबी बनाया जा सके। भारत का नौजवान आने वाले वर्षों में अलग-अलग ट्रेड में प्रशिक्षित बने, इस ढंग से काम करने की आवश्यकता है।

*m13

SHRI E.T. MOHAMMAD BASHEER (PONNANI): Hon. Deputy-Speaker, this amendment to the Apprentices (Amendment) Act is very much necessitated because India is a fast developing economy and in the formation of human capital this kind of a legislation will be helpful. Earlier also we had made an amendment to the parent Act in 1973, in 1986, 1997 and in 2007. The purpose of the amendment is very clear.

This is intended at widening the scope of the existing Act and to create opportunities for youngsters to get more practical training and attain skills, knowledge and also to simplify the process for registration of apprentices and for exchange of information through a portal site and employability enhancement programmes are also envisaged in this.

Under-employment is a problem in our country. If people attain skills, then that will give a lift to higher employment. Manpower generation should be in accordance with the need in the employment market. We all know that there is a gap. What is that gap? In schools the students attain certain skills but skill attained in the schools and skill required in the employment market is different and there is a gap in between . The provisions of this Apprentices Act will certainly bridge up that gap to an extent.

Sir, we require 500 million skilled workers by 2022. We have to foresee that skill development is linked with economic, employment and social development programmes. When we make planning for formation of human capital, it should be done in a scientific way. We have to discuss a very important thing and that is about conversion of our employment exchanges to career guidance centres. Now, what is happening? We are having problems in finding the right man for the right job. That problem has to be addressed. So, the employment exchanges will have to be converted into career guidance centres also.

Regarding formulation of the courses my friends were saying that we have to restructure and redesign the courses to meet the demand in the employment market. Similarly, whether it is an engineering college, or polytechniques or an ITI, it should be reachable to the marginalized and poorer sections of the society.

Similarly, another important area is that we must have linkage with industrial establishments and educational institutions. That is also very significant while discussing this topic.

We are having the National Council for Vocational Training. I suggest that we must take emergent action to revamp NCVT. \ Coming to ITI, we know that it is a very good institution. It is having wide scope but unfortunately, almost all the courses offered in ITI are outdated courses. So, we have to redesign the courses according to the need in the employment market.

Towards the end, I suggest that the community college concept in Kerala is very important. Villagers also get training, short term courses and long term courses. That concept can also be tried.

I would like to say that 65 per cent of our population is below the age of 35. It is an asset for our country. If we make scientific planning of human resource, I wish to say that India can conquer the employment market of the world.

With these few words, I conclude.

*m14

SHRI PREM DAS RAI (SIKKIM): Thank you, Mr. Deputy-Speaker Sir, for giving me this opportunity to participate in the Apprentices (Amendment) Bill, 2014.

The present Bill aims to address a majority of the issues related to apprentices training schemes. This adds to the capacity building of many of our young people, specially in the manufacturing sector.

In this particular Bill, I would like to flag one provision. Though I agree with the spirit of that provision that we need to encourage apprentices from other States, in places like Sikkim, we would like to have the first charge of all the apprentices position which come up in the companies or the institutions that will give these kinds of skill development training. Even though the spirit of the Bill says that in case there is a vacancy, you can bring the requisite apprentices from other States, I think, the first charge should be with the State. In this respect, whilst framing the rules, I think this particular portion needs to be taken care of and I request the hon. Minister, through you, to make sure that the State Governments can frame the rules in this particular regard.

As far as the other things are concerned, this particular Bill has certain provisions which would make it at par with the requirements of time and therefore, I support the Bill.

*m15

SHRI N.K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): I thank you very much, Mr. Deputy-Speaker Sir, for giving me this opportunity to speak.

I am also of the opinion that this Bill, which is having great ramifications with respect to the new employment market especially in the case of apprenticeship, be referred to the Standing Committee of Labour and Employment. This is the first Bill which the NDA Government is presenting in this House which is starting with the labour reforms. They have got the spirit of labour reforms from the Rajasthan Government which have made some amendments in the Factories Act, the Apprentices Act and other labour legislations.

So, the first objection to the Bill is that there is no consensus in the tripartite mechanism. There are so many organisations, like National Labour Conference, etc. in which these matters are discussed thoroughly. A national consensus has to be arrived at in respect of labour reforms. Unfortunately, on this Bill there is no national consensus in the Indian Labour Conference or in any tripartite mechanism in which all the stakeholders are present. There is no such mechanism for arriving at consensus over these reforms in the labour sector, especially in the Apprentices Act of 1961. That has to be taken care of because it is the democratic right of the workers. They should have a say in respect of the reforms and the workforce should be given an opportunity. That is point number one.

The Statement of Objects and Reasons also states that this is to enhance the training and employment of the new workforce. They have to be given proper training. This is the main object of the Bill. But will that aim be fulfilled by the new provisions of the Bill? That is my main question. Almost all hon. Members who spoke before me have narrated the employment scenario, and the skilled labour scenario in our country.

During the last year, that is during 2013-14, only 2.82 lakh apprentices were appointed as against the existing vacancies or existing apprenticeship seats of 4.9 lakh. Though there is a capacity for 4.9 lakh, only 2.82 lakh apprentices were filled. It means the employers or the entrepreneurs or the corporates or the industry are not willing to accept and give proper training to these new entrants who are coming out of IITs or polytechnics. So, what is the intention of this legislation?

Now, we are amending the legislation so as to give more flexibility to the employers or the industry. The stringent provision of imprisonment is being taken away. That provision is going to be amended. So, what would be the fate of new generation aspirants as far as getting training, especially in the case of Scheduled Castes/Scheduled Tribes, Other Backward Classes, and the weaker sections of the society? Only because there was a mandatory provision in the 1961 Act, they were engaged as apprentices. Otherwise, they would not have done it. We are having a stringent provision in the 1961 Act which says that they have to engage such and such number of apprentices in the industries. Even then they are not allowing these poor people to get inside. Suppose, that stringent provision in the original Act is taken away by means of this amendment, definitely that would adversely affect the poor and the common people who are coming from the downtrodden families. That would be the impact of this Bill.

We are all talking about skill development. The hon. Prime Minister, while replying to the debate on the Motion of Thanks to the President's Address, had said that the Government wants to turn "Scam India" into "Skill India". If that is the case, will the proposed amendment help make India a skilled nation? To my mind 'no'. The deprived sections of the society will be further deprived of its right to have proper training in the industry. That would be the impact of this Bill. ...(*Interruptions*)

I would like to just speak on two or three provisions. If you go through the Bill, you will find that a new provision has been incorporated, that is 'optional trade'. That is very crucial as far as industry is concerned. 'Optional trade' means any trade or occupation or any subject in engineering or non-engineering or technology or any vocational course as may be determined by the employer for the purpose of this Act. This 'optional trade' will not come within the definition of 'trade apprentice'. If you go through the definition in sub-clause (q), 'trade apprentice' means 'apprentice' who undergoes apprenticeship training in any designated trade. So, this is applicable only to the designated trade and not to the 'optional trade'. So, I would like to seek a clarification from the hon. Minister on that. In the case of 'optional trade', qualification of the apprentice, grant of certificate, etc. are determined by the employer. So, employer has been given more authority and flexibility. So, that would adversely affect the common people, especially those who are coming from the downtrodden families.

With these words, I conclude.

*m16

खान मंत्री, इस्पात मंत्री तथा श्रम और रोज़गार मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर): माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके उपाध्यक्ष बनने पर अपनी ओर से हार्दिक बधाई देता हूँ। मेरा यह सौभाग्य है कि मेरे द्वारा जो भारत सरकार की ओर से बिल प्रस्तुत किया गया, उस पर विचार-विमर्श आपकी अध्यक्षता में हो रहा है। आज शिक्षु अधिनियम, 1961 में हम लोग संशोधन लेकर आए हैं। इस बिल पर बहुत ही गम्भीरता से सभी माननीय सदस्यों ने अपने सुझाव प्रस्तुत किए हैं। हमारे प्रथम वक्ता आदरणीय सुरेश जी, श्री दुष्यन्त सिंह जी, श्री सौगत राय जी, श्री परसुरमन जी, श्री नागेन्द्र कुमार प्रधान जी, श्री विनायक जी, टी.आर.एस. के हमारे रेड्डी जी, श्री गणेश सिंह जी, श्री अधीर रंजन जी, श्री एम. श्रीनिवासा राव, श्री एम. वी. राजेश साहब, ओम बिरला जी, मोहम्मद बशीर जी, पी.डी. राय साहब, एम. के. प्रेमचन्दन जी, सभी लोगों ने बिल की मूल भावना से अपनी सहमति जतायी है और सबकी यह मान्यता है कि देश में अप्रेन्टिस बढ़ने चाहिए, उनकी संख्या बढ़नी चाहिए। यह समय की आवश्यकता है और इस दृष्टि से सरकार ने जो कदम उठाया है, वह अपने स्तर पर ठीक है। कुछ बिन्दुओं पर निश्चित रूप से सदस्यों ने अपनी बात रखी है, मैं उसे जरूर स्पष्ट करना चाहूंगा। सामान्यतः जब कोई भी बिल कोई भी सरकार लाती है तो वह बिल जल्दबाजी में नहीं होता है। बिल के पीछे काफी एक्सरसाइज होती है, इसकी एक प्रक्रिया होती है और बमुश्किल कोई संशोधन या नया बिल मूर्त रूप लेता है तब वह इस देश की सबसे बड़ी पंचायत में आता है।

आज हम प्रशिक्षु अधिनियम, 1961 के पांचवें संशोधन पर विचार कर रहे हैं। वर्ष 1961 में प्रशिक्षु अधिनियम बनाया गया था यानी आज से 53 वर्ष पूर्व बनाया गया था। उसके बाद वर्ष 1973 में, 1986 में, 1997 में, 2007 में इसमें संशोधन हुए। उस समय की जो तत्कालीन आवश्यकता थी, मैं यह मानता हूं कि जिसने भी सोचा होगा, वह सही सोचा होगा और उस आवश्यकता के अनुसार बिल भी बना और समय-समय पर संशोधन हुए। देश में आबादी बढ़ रही है, विद्यायें बढ़ रही हैं, प्रौद्योगिकी बढ़ रही है, विकास बढ़ रहा है। उसके साथ-साथ बदलते हुए युग में कई बार अनेक कानून भी अप्रांसगिक या अनुपयुक्त हो जाते हैं। उनको निरसन करना भी आवश्यक होता है और आगे बढ़ने के लिए उनको बदलना भी आवश्यक होता है। इस दृष्टि से जब शिक्षु अधिनियम में पांचवीं बार संशोधन करने की बात आयी तो यह प्रक्रिया वर्ष 2008 में प्रारम्भ हुयी और एक समूह बना। उस समूह ने विस्तार से विचार-विमर्श किया और वर्ष 2010 में यह केन्द्र की मंत्रिपरिषद में भी प्रस्तुत हुआ। मंत्रिपरिषद ने कुछ और विचार जोड़ते हुए एक वर्किंग ग्रुप बनाया, जिसमें इस प्रकार के सुझाव थे कि राज्यों से, बाकी नियोक्ताओं से, ट्रेड यूनियंस से सम्पर्क किया जाए। इसलिए हम लोगों ने जून, 2014 में राज्यों के श्रम मंत्रियों की भी बैठक की। इसके लिए ट्रेड यूनियंस से भी सम्पर्क किया। इसके पूर्व जो प्राइम मिनिस्टर नेशनल काउंसिल ऑन स्किल डेवलपमेंट बनी थी, सेंट्रल अप्रेन्टिसशिप काउंसिल है, सेंट्रल कमीशन ऑन लेबर जब बना था, इंडियन लेबर कांफ्रेंस जो थी, जो नेशनल स्किल डेवलपमेंट एजेंसी है, इन सब लोगों से भी सुझाव आमंत्रित किए गए। उन सारे सुझावों को सम्मिलित करते हुए यह संशोधन विधेयक आया। जो प्राप्त सुझाव थे उस पर मंत्री समूह द्वारा भी विचार हुआ और उसमें रेलवे, एम.एस.एम.ई. और डिफैन्स के भी प्रतिनिधि थे। तत्पश्चात् यह

पूरा का पूरा संशोधन विधेयक 26 जून से 15 जुलाई तक वैबसाइट पर डाला गया। वैबसाइट पर लोगों ने अपने सुझाव भी दिये और समर्थन भी किया। अनेक राज्यों से भी समर्थन आया और इन सबके बाद हम लोगों ने 11 जुलाई को सी.एस.ई. की मीटिंग की। सी.एस.ई. की मीटिंग में नियोक्ता भी थे, विवादाधिकारी भी थे और ट्रेड यूनियन के लोग भी थे। उसके बाद हम लोग इस संशोधन को आपके समक्ष निश्चित रूप से लेकर आए हैं। मैं ऐसा मानता हूँ कि यह अप्रैन्टिसेज़ अमैंडमैंट बिल निश्चित रूप से समय की आवश्यकता की पूर्ति करने की दिशा में आगे बढ़ेगा।

महोदय, इस बिल को स्थायी समिति में भेजने की बात भी आई। इसे भेजने पर विचार भी किया जा सकता है लेकिन जितनी तेज़ी से शिक्षुता की बात देश में चल रही है, जितनी आवश्यकता महसूस की जा रही है और इतने सारे स्तरों पर यह सारी बातचीत और चर्चा हुई है तो उसके आधार पर लगा कि जब बड़े सदन में चर्चा हो जाएगी तो यह चर्चा पूर्ण होगी और इस पर निश्चित रूप से जो सुझाव आएँगे, उनके माध्यम से हम लोग आगे बढ़ सकते हैं। यह विधेयक शिक्षुओं की संख्या बढ़ाने वाला विधेयक है। अभी अगर आप देखेंगे तो वर्तमान में जो हमारा अप्रेन्टिसेज़ एक्ट है, इसके माध्यम से पूरे देश में 4.9 लाख अप्रेन्टिस सीट उपलब्ध हैं और उनके विरुद्ध हमारी उपलब्धि 2.8 लाख है। जब हम दुनिया के बारे में बात करते हैं तो जर्मनी में 30 लाख है, चीन में दो करोड़ है, जापान जैसे छोटे देश में 1 करोड़ अप्रेन्टिस हैं। अगर हम देश में भी इस प्रतिस्पर्द्धा को बढ़ाना चाहते हैं, देश की आवश्यकता की पूर्ति करना चाहते हैं और विश्व की प्रतिस्पर्द्धा में भी हम समान रूप से खड़े रहना चाहते हैं तो भी इस दृष्टि से हम लोगों की आवश्यकता जो इस बिल के माध्यम से प्रस्तुत की जा रही है, वह निश्चित रूप से उचित है। इससे पहले जो अधिनियम उपलब्ध था, उसमें अनेक प्रकार की कठिनाइयाँ आ रही थीं क्योंकि कुछ प्रावधान ऐसे थे, जैसे इंजीनियर, डिप्लोमाधारी, ये लोग अप्रेन्टिस हो सकते थे। अगर ये नहीं मिलते थे तो कारखानेदार की मजबूरी होती थी कि वह किसे रखे। फिर इंस्पैक्टर राज खड़ा हो जाता था। इंस्पैक्टर राज जब कार्रवाई करने की बात करता था तो एडजस्टमैंट की नौबत आती थी। इस अधिनियम के बँधे होने के कारण जो शिक्षुओं की संख्या बढ़नी चाहिए थी और नियोक्ता की रुचि होनी चाहिए थी, वह घट रही थी और उसके कारण अप्रैन्टिस नहीं बढ़

पा रहे थे। स्टाइपैंड की जो स्थिति थी, अनेक सदस्यों ने कहा कि वह बहुत अच्छी नहीं थी। हम नियमों में उसको भी सुधारने की कोशिश कर रहे हैं, उसको भी आकर्षक बनाने की कोशिश कर रहे हैं और जो वर्तमान में उपलब्ध अधिनियम था, यह छोटे कारखानों के लिए एकदम व्यावहारिक नहीं था। एन.डी.ए. की सरकार ने निश्चित रूप से जब इस अधिनियम पर विचार किया, विभाग में विचार हुआ, विभाग के बाद मंत्रिपरिषद् में विचार हुआ और मंत्रिपरिषद् में विचार करने के बाद आप सबके समक्ष प्रस्तुत किया है तो मैं निश्चित रूप से अपने आपको गौरवान्वित अनुभव कर रहा हूँ कि इसमें जो संशोधन किए गए हैं, वह अप्रैन्टिस की संख्या बढ़ाने वाले हैं और देश की आवश्यकता की पूर्ति करने वाले हैं।

14.00 hrs

यह अधिनियम पारित होने के बाद प्रशिक्षुओं की संख्या निश्चित रूप से बढ़ेगी। यहां स्टाइपण्ड की बात भी आयी थी। स्टाइपण्ड पर हम लोगों ने काफी विचार किया है और यह प्रयत्न किया है कि उसकी ऐसी स्थायी व्यवस्था कर दी जाए, जिससे कि उसमें बार-बार संशोधन की आवश्यकता न पड़े। हम लोगों ने तय किया है कि अर्द्धकुशल कारीगर, जो कि किसी कारखाने में काम करता है, उसके मानदेय का 70 से 80 प्रतिशत के बराबर अप्रेंटिस को मिलेगा। यह मिनिमम वेजिस से भी ऊपर होगा। अभी सामान्य तौर पर 2100 रुपये अप्रेंटिस को मिलते हैं, कहीं 1900 रुपये भी हो सकता है, कहीं 2300 रुपये भी हो सकता है। यदि कोई कोर्स तीन साल का है तो पहले साल 70 प्रतिशत मिलेगा, दूसरे साल उसको 80 प्रतिशत मिलेगा और तीसरे साल उसको 90 प्रतिशत मिलेगा। जब अर्द्धकुशल कारीगर की मानदेय बढ़ेगी तो उसका भी यह 70 प्रतिशत हो जाएगा। इसलिए इसको प्रतिशत से जोड़ा गया है, राशि से नहीं जोड़ा गया है, ताकि आगे भी इसका समाधान निरन्तर होता जाए। इसके अनुसार बिहार में एक अप्रेंटिस को 3990 रुपये 70 प्रतिशत के अनुसार मिलना शुरू हो जाएगा। चंडीगढ़ में अर्द्धकुशल कारीगर की तनख्वाह से प्रतिशत जोड़ें तो यह 6624 रुपये होगी। स्वाभाविक रूप से एक प्रशिक्षु किसी क्षेत्र में काम करने आ रहा है और उसको छः हजार रुपये मिल रहे हैं, बिहार में भी चार हजार रुपये मिल रहे हैं तो मैं समझता हूं कि यह एक अच्छा सुधार है।

पहले प्रशिक्षुओं पर कोई नियम-कानून लागू नहीं होता था। उनको छुट्टियां नहीं मिलती थीं, वह कितनी देर काम करेंगे, यह भी नियोक्ताओं पर निर्भर रहता था। मेरे कई मित्रों ने भी कहा कि प्रशिक्षुओं का शोषण होता था, लेकिन अब किसी भी एप्रेंटिस का शोषण किसी भी कारखानेदार के द्वारा नहीं किया जाएगा। यह सुनिश्चित करने का काम हमारे इस बिल के माध्यम से होगा। अवकाश, शिफ्ट और छुट्टियों के नियम भी नियमित मजदूरों पर लागू होते हैं...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा) : जब उनके लिए पनिशमेंट ही नहीं है तो कौन आपके कानून से डरेगा? कानून होने के बावजूद भी लागू नहीं हो पाते हैं, फिर आप तो पनिशमेंट ही नहीं रख रहे हैं।...(व्यवधान)

श्री नरेन्द्र सिंह तोमर : खड़गे जी, मैं आपकी बात पर भी अभी आऊंगा। संगठित क्षेत्र में काम करने वाले मजदूरों पर जो अवकाश के घण्टे लागू होंगे, वही प्रशिक्षुओं पर भी लागू होंगे। कोई यह नहीं कह पाएगा कि यह आठ घण्टे काम करेगा और यह 12 घण्टे काम करेगा। यदि उनको चार छुट्टियां मिलेंगी तो इनको भी चार छुट्टियां मिलेंगी। यह हम इस बिल के माध्यम से सुनिश्चित करने जा रहे हैं।

महोदय, वित्त मंत्री जी ने अपने बजट भाषण में यह उद्धृत किया था कि जो लघु और मझोले उद्योग हैं, उनमें प्रशिक्षण बढ़ाने के लिए केन्द्र सरकार पचास प्रतिशत राशि भी उपलब्ध कराएगी। इस बिल के माध्यम से यह योजना भी सफल होगी और हमारे प्रशिक्षु बड़ी संख्या में प्रशिक्षण प्राप्त करके एक कुशल कारीगर बनने की स्थिति में आ पाएंगे।

महोदय, कॉन्ट्रैक्ट श्रमिकों की बात यहां आयी है। कुछ लोगों ने कहा है कि इसमें कॉन्ट्रैक्ट श्रमिकों को नहीं जोड़ना चाहिए। मैं इसमें यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि पहले कारखाने में उस क्षेत्र के जो पंजीकृत मज़दूर संगठित होते थे, उसी संख्या में एप्रैन्टिस की सीटें निश्चित होती थीं। अब हम ने इस के माध्यम से यह तय किया है कि उस क्षेत्र में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से उस कैम्पस में कोई भी व्यक्ति काम कर रहा है, चाहे वह सुरक्षा अधिकारी हो या गेट का चौकीदार हो, वे भी उसमें जोड़े जाएंगे। जब यह संख्या जुड़ेगी तो निश्चित रूप से उस अनुपात में एप्रैन्टिस की संख्या बढ़ेगी, इसलिए हम लोगों ने यह प्रावधान करने की कोशिश की है। उदाहरण के लिए, हम लोगों ने यह सुनिश्चित किया कि प्रत्येक उद्योग में इंडस्ट्री को ढाई प्रतिशत से लेकर दस प्रतिशत तक प्रशिक्षु रखना सुनिश्चित करना होगा। अब जब हम ढाई प्रतिशत और दस प्रतिशत कर रहे हैं तो कुछ लोग तो यह कह सकते हैं कि यह आंकड़ा कम है, लेकिन मैं आपको बताना चाहता हूं कि यह आंकड़ा कम नहीं है। यह पूरा अधिनियम उन सारे कारखानों पर लागू होगा, जिनकी संख्या पांच मज़दूरों से अधिक है। आज अगर हम रेलवे को देखें तो रेलवे में श्रमिकों की जो कुल संख्या है, उसके आधार पर एप्रैन्टिस की सीट्स 16,000 बनती हैं। इस अधिनियम के पारित होने के बाद अगर ढाई प्रतिशत एप्रैन्टिस भी रेलवे लेगा तो प्रशिक्षुओं की 40,000 सीटें बढ़ेंगी, यह मैं आपको बताना चाहता हूं।...(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER: Nothing will go on record except what the hon. Minister is saying.

*(Interruptions) â€¦**

श्री नरेन्द्र सिंह तोमर : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, हमारे बहुत सारे मित्रों ने बहुत सारी बातें कहीं हैं। हमारे मित्रों ने कहा है कि अगर किसी श्रमिक को इंज्यूरी हो जाएगी तो उसके लिए जिम्मेदार कौन होगा? मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि इस विधेयक की धारा-16 में जो वर्कमेन कम्पेनसेशन एक्ट है, वे उसमें कवर होते हैं, इसलिए इसमें चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।...(व्यवधान)

सी.एस.ई. का गठन पिछली सरकार में हुआ था। उसके अनुसार ही हम लोगों ने जो उन्नत सुझाव दिए थे, उन सुझावों को हम लोगों ने आगे बढ़ाया है।...(व्यवधान)

अधीर रंजन जी, आप अधीर मत हों।...(व्यवधान) मैं यह इसलिए कह रहा हूं कि अगर आज एन.डी.ए. की गवर्नमेंट बनी है तो जनता के आशीर्वाद से बनी है।...(व्यवधान) अगर आपने कोई काम शुरू किया है और उस काम को पूरा करने का अवसर जनता ने हमें दिया है तो इसमें आपको तकलीफ़ नहीं होनी चाहिए।...(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER: Hon. Members, no comments please.

...(*Interruptions*)

श्री नरेन्द्र सिंह तोमर : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं एक और बात बताकर अपनी बात समाप्त करूंगा कि माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने प्रधानमंत्री बनने के पश्चात इसी सदन में कुशलता को बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की थी। यह हमारी आवश्यकता है और इस आवश्यकता को पूरा करने के प्रति भारतीय जनता पार्टी और एन.डी.ए. की सरकार प्रतिबद्ध है। यह एक्ट उसी दिशा में एक बड़ा कदम है।

महोदय, मैं आपको एक आंकड़ा देना चाहता हूं। वर्ष 2011-12 में एक सर्वेक्षण हुआ था और वर्ष 2005 में आर्थिक जनगणना हुई थी। उसमें उद्योग और सेवा के क्षेत्र में दोनों के जो विभिन्न प्रतिष्ठान हैं, उनमें 24.2 करोड़ कर्मचारी काम कर रहे हैं, ऐसी संख्या आई थी। इनमें 12 करोड़ कर्मचारी वे हैं, जो स्वयोजनागतरत हैं, मतलब मैं स्वयं ही रोजगार कर रहा हूं और अपना रोजगार कर रहा हूं, ऐसे लोग भी हैं। दो करोड़ सात लाख कर्मचारी ऐसे हैं, जो उन कारखानों में काम करते हैं, जिनमें मजदूरों की संख्या पांच से कम है, जो इसमें कवर नहीं होंगे। पिछले दिनों 4.29 लाख प्रशिक्षु की सीटें थीं, अगर हम इन सारे आंकड़ों को सामान्य तौर पर जोड़ें तो ध्यान में आएगा कि पांच से कम जो नियोक्ता हैं, उन कारखानों में काम करने वाले मजदूरों को घटा दें, स्वरोजगारियों को भी घटा दें तो 9.5 करोड़ संख्या आएगी। अगर इसके अनुसार हम प्रशिक्षु की संख्या को जोड़ेंगे तो इस अधिनियम के पारित होने के बाद देश में एप्रैन्टिस सीटें 4.29 लाख से दो-तीन वर्षों में बढ़ कर 23.75 लाख हो जाएंगी, यह मोदी सरकार का एक क्रांतिकारी कदम होगा।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन में कहना चाहता हूं कि हमारे कांग्रेस पार्टी के नेता आदरणीय खड़गे जी, मुलायम सिंह जी तथा बाकी सभी पार्टियों के वरिष्ठ लोग, सौगत राय जी, प्रेमचन्द्रन जी यहां बैठे हैं, मैं अपने पक्ष के माननीय सदस्यों से और सभी माननीय सदस्यों से अनुरोध करूंगा कि यह विधेयक एक तौर से प्रशिक्षण, एप्रैन्टिस की दृष्टि से बहुत ही क्रांतिकारी है, इसको आप सर्वसम्मति प्रदान करें और इसे पारित करने की कृपा करें।

HON. DEPUTY SPEAKER: I shall now put the motion for consideration of the Bill.

...(*Interruptions*)

SHRI KODIKUNNIL SURESH : Sir, please allow me to seek a clarification. ...(*Interruptions*)

HON. DEPUTY SPEAKER: How can you ask when I have started the process? I will allow you at the third reading stage.

...(*Interruptions*)

SHRI MALLIKARJUN KHARGE : Sir, this is not the way. He is the initiator of the discussion on this Bill. He wants to ask a clarification. Please allow him. â€¦ (*Interruptions*)

HON. DEPUTY SPEAKER: I will allow him to seek a clarification. Let him speak at the third reading stage.

...(*Interruptions*)

HON. DEPUTY SPEAKER: The question is:

"That the Bill further to amend the Apprentices Act, 1961, be taken into consideration."

The motion was adopted.

HON. DEPUTY SPEAKER: The House shall now take up clause by clause consideration of the Bill.

Clause 2 Amendment of Section 2

SHRI SANKAR PRASAD DATTA (TRIPURA WEST): I beg to move:

Page 2, *for* lines 28 to 31â€”

substitute '(r) "worker" means any persons working in the premises of the employer and is employed and paid wages directly by the employer.'. (1)

HON. DEPUTY SPEAKER: I shall now put amendment No. 1 to clause 2 moved by Shri Sankar Prasad Datta to the vote of the House.

The amendment was put and negatived.

HON. DEPUTY SPEAKER: The question is:

"That clauses 2 to 4 stand part of the Bill."

The motion was adopted.

Clauses 2 to 4 were *added to the Bill.*

Clause 5 Insertion of new sections 5 A and 5 B

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Prem Das Rai, are you moving your amendment?

SHRI PREM DAS RAI (SIKKIM): I am not moving my amendment.

HON. DEPUTY SPEAKER: The question is:

"That clauses 5 to 12 stand part of the Bill."

The motion was adopted.

Clauses 5 to 12 were *added to the Bill.*

Clause 13 Amendment of Section 30

SHRI SANKAR PRASAD DATTA : I beg to move:

Page 5, line 9,â€”

after "seats are filled up"

insert "or imprisonment which may extend upto six months or both". (3)

Page 5, line 18,â€”

after "occurrence"

insert "or imprisonment which may extend upto six months or both". (4)

HON. DEPUTY SPEAKER: I shall now put amendment Nos. 3 and 4 to clause 13 moved by Shri Sankar Prasad Datta to the vote of the House.

The amendments were put and negatived.

HON. DEPUTY SPEAKER: The question is:

"That clauses 13 and 14 stand part of the Bill."

The motion was adopted.

Clauses 13 and 14 were *added to the Bill.*

Clause 1, the Enacting Formula and the Long Title were added to the Bill.

HON. DEPUTY SPEAKER: Now, the Minister may move that the Bill be passed.

श्री नरेन्द्र सिंह तोमर : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि यथा पुरःस्थापित विधेयक पास किया जाए।"

HON. DEPUTY-SPEAKER: Motion moved:

"That the Bill be passed. "

PROF. SAUGATA ROY : Sir, originally, we had asked for sending the Bill to the Standing Committee for greater discussion. It seems that the Government is not very willing. I had asked a very specific question to the Minister whether he will allow reservation to apprentices working in Government companies or, at least, agree to give priority to apprentices working in the railways, ordnance factories and in other Government companies; and whether he will consider giving age relaxation to the apprentices working in the Government companies.

SHRI KODIKUNNIL SURESH : Sir, with regard to wider consultation of this Bill, there are stakeholders from the employers' side, employees' side and the State Government side. The hon. Minister has said that there was a discussion held in the Labour Conference. But at the same time, employees' side and the trade unions' side are not agreeing with this Amendment. Therefore, we need another wider consultation with all the stakeholders. After that, whatever the conclusion reaches, the Amendment can go to the Standing Committee. Therefore, the hon. Minister should agree to the sense of the House.

SHRI PREM DAS RAI (SIKKIM): Sir, I did not move my Amendment because the Minister will definitely look into the issue relating to giving preference to apprentices within the State. I would just like to know from the Minister whether he would allow the State Governments to frame the rules related to this.

HON. DEPUTY-SPEAKER: Now, the hon. Minister.

श्री नरेन्द्र सिंह तोमर : उपाध्यक्ष महोदय, अभी भी श्रम कानूनों में...(व्यवधान)

SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY (BAHARAMPUR): Sir, please allow me to ask a single question.

HON. DEPUTY-SPEAKER: You have already raised it.

श्री नरेन्द्र सिंह तोमर : राज्य को ये शक्तियाँ पहले से प्रदत्त हैं।...(व्यवधान)

SHRI KODIKUNNIL SURESH : Sir, I would also like to know about reservation for Scheduled Castes/Scheduled Tribes/OBC people. That is a serious concern of this Bill. That has also to be addressed.

HON. DEPUTY-SPEAKER: All right. Let us hear the hon. Minister, now.

श्री नरेन्द्र सिंह तोमर : उपाध्यक्ष महोदय, राज्य को पहले से ही यह प्राविधित है कि वे अपने कानून बना सकते हैं। यह एक बात है। हमने इस बार यह जरूर किया है कि पहले कानून हम बनाते थे और नियम राज्य बनाते थे। इस बार केन्द्र भी नियम बना सकता है। इस बार यह प्रावधान करने की हम लोगों ने कोशिश की है। जहाँ तक ट्रेड यूनियन का प्रश्न है, मैंने आपको बताया कि 11 जुलाई को अप्रेन्टिस काउंसिल की बैठक थी। अप्रेन्टिस काउंसिल में सभी ट्रेड यूनियंस के प्रतिनिधि वहाँ पर थे। अप्रेन्टिस काउंसिल ने इसको पारित किया, मैं उसके मिनिट्स आपको भेज सकता हूँ। आप चाहें तो उसके मिनिट्स भी ले सकते हैं। जो सौगत राय जी ने और सुरेश जी ने कहा, हम लोगों ने इस मामले में जो चीजें अप्रेन्टिस को बढ़ाने में बाधक थीं, उनको थोड़ा सरल किया है। पहले किसी भी उद्योग में यह नहीं होता था कि वह अप्रेन्टिस को अपने यहाँ रखेगा। कानून में ऐसी बाध्यता नहीं थी। नये प्रावधान के अन्तर्गत हम लोगों ने यह सुनिश्चित किया है कि उद्योग अपनी नीति इस दृष्टि से बनायेगा। जैसे रेलवे ने अपनी नीति बना रखी है, उसी तरह हर उद्योग अपनी नीति बनायेगा। उनको नीति बनाने की बाध्यता है। वह अपने यहाँ के अप्रेन्टिस का, अपने यहां पढ़ाये हुए व्यक्ति का जब इन्टरव्यू करेगा तो उसे दस नम्बर देगा या पांच नम्बर देगा। इसके लिए वह अपनी पॉलिसी बनायेगा। जब वह अपनी पॉलिसी बनायेगा तो उसके काम का व्यक्ति निश्चित रूप से उसके काम आयेगा और उसको वहां काम मिलेगा, ऐसा हम मानते हैं।

जहाँ तक आरक्षण वाला प्रश्न है, इस मामले में भी हमने उद्योग पर छोड़ा हुआ है कि उन लोगों को अपनी नीति बनानी चाहिए।

HON. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

"That the Bill be passed."

The motion was adopted.

*t25

Title: Papers laid on the Table of the House by Ministers/members.

HON. DEPUTY SPEAKER: Before I call the next speaker, there is a Paper to be laid on the Table. Shri Sudarshan Bhagat.

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुदर्शन भगत) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूँ :-

(1) (एक) नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर के वर्ष 2012-2013 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेज़ी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर के वर्ष 2012-2013 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेज़ी संस्करण)।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेज़ी संस्करण)।

[Placed in Library. See No. LT 769/16/14]

(3) (एक) भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, जयपुर के वर्ष 2012-2013 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेज़ी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, जयपुर के वर्ष 2012-2013 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेज़ी संस्करण)।

(4) उपर्युक्त (3) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेज़ी संस्करण)।

[Placed in Library. See No. LT 770/16/14]

(5) (एक) सेंटर फॉर रीहैबिलिटेशन सर्विसेज़ एंड रिसर्च, भदूक के वर्ष 2012-2013 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेज़ी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) सेंटर फॉर रीहैबिलिटेशन सर्विसेज़ एंड रिसर्च, भदूक के वर्ष 2012-2013 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेज़ी संस्करण)।

(6) उपर्युक्त (5) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेज़ी संस्करण)।

[Placed in Library. See No. LT 771/16/14]

(7) (एक) नेशनल ट्रस्ट, नई दिल्ली के वर्ष 2012-2013 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेज़ी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) नेशनल ट्रस्ट, नई दिल्ली के वर्ष 2012-2013 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेज़ी संस्करण)।

(8) उपर्युक्त (7) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेज़ी संस्करण)।

[Placed in Library. See No. LT 772/16/14]

*t26

Title: Discussion regarding Need to evolve an effective mechanism to deal with incidents of communal violence in the country raised by Shri Mallikarjun Kharge on 13th March, 2014 (Discussion not concluded).

HON. DEPUTY-SPEAKER: The House will take up now, discussion under Rule 193 regarding communal violence, which was initiated by Khargeji.

SHRI MALLIKARJUN KHARGE (GULBARGA): Sir, before Shri Mulayam Singh speak on this subject, मैंने अभी मिनिस्टर ऑफ स्टेट ऑफ पार्लियमेंट्री अफेयर्स से यह सुना कि श्री राजनाथ जी की तबीयत ठीक नहीं है। वे यहां नहीं आ रहे हैं। आज रिप्लाई भी नहीं होगा। हम यह चाहते हैं कि उनकी सेहत अच्छी हो। I wish him all the best and speedy recovery. He should come hale and healthy to the House. We expect a reply from him. If he is not there, at least, the Prime Minister could give the reply. But anyway, I expect that he will come after speedy recovery and I wish him all the best.

PROF. SAUGATA ROY (DUM DUM): We also wish the Home Minister speedy recovery.

HON. DEPUTY SPEAKER: Let the discussion continue. The Minister will reply after some time.

श्री मुलायम सिंह यादव (आज़मगढ़) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे सांप्रदायिकता पर हो रही बहस में भाग लेने के लिए अनुमति दी है। इस पर विस्तार से चर्चा हो चुकी है। अपने-अपने तरीके से, अपनी-अपनी विचारधारा से इस पर विस्तार से चर्चा हुई है। हम इस संबंध में बहुत लंबा भाषण नहीं देना चाहते हैं, क्योंकि, सांप्रदायिकता के बारे में आपको पता है कि सबसे ज्यादा भुक्तभोगी हम रहे हैं। ...(व्यवधान) और आप भी जिम्मेदार हैं। ...(व्यवधान) हां, यह तो सर घोंटा कर पहुंची थीं। ...(व्यवधान) तो भी पहचान लिया।...(व्यवधान) ये तो मर्द के रूप में पहुंचा गई थीं।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय, वर्ष 1987 से ले कर लगातार सांप्रदायिकता के खिलाफ मुझे संघर्ष करना पड़ा है।..(व्यवधान) बहुत-सी मुसीबतें हमारे सामने आई हैं। चुनाव के परिणाम भी इधर के उधर हो गए हैं। हमारी बहन जी, जो अभी बोल रही थीं, इन्होंने मुझे बहुत परेशान किया।...(व्यवधान) इसलिए परेशान किया कि मुझे खबर मिल गई कि यह मर्द के भेष में मस्जिद गिराने के लिए अयोध्या जा रही हैं...(व्यवधान), लेकिन हम इनसे ज्यादा होशियार निकले। मैंने खबर दे दी तो आप गिरफ्तार हो गए। ...(व्यवधान) लेकिन, उन्होंने बहुत ज्यादा जोश पैदा किया, यह सही है। हमें परेशान किया। सांप्रदायिकता देश के लिए बहुत खतरनाक है। आज देश में सांप्रदायिकता जरा-जरा सी बात पर हो जाती है, लेकिन हमारे बहुत से माननीय नेता हैं, कभी दो वर्गों के लड़कों के बीच में भी विवाद खड़ा हो जाता है तो उसको दंगा कहते हैं। क्या यह दंगा था - मुज्जफरनगर का? मैंने तब भी बयान दिया और आज भी सदन के अंदर कह रहा हूं कि वह दंगा नहीं था। ...(व्यवधान) वह दो वर्गों के बीच में विवाद था, झगड़ा था उसमें बहुत ज्यादा हत्याएं हुई हैं। वह दो वर्गों का झगड़ा था, उसमें कोई दूसरी जाति शामिल नहीं थी।...(व्यवधान) बताइए कौन-सी जाति शामिल थी।...(व्यवधान) एक जाति के अलावा कोई दूसरी जाति नहीं थी। केवल दो जातियों, दो वर्गों के बीच में वहां संघर्ष हुआ और जानें बहुत ज्यादा गई। इसी तरह सहारनपुर में हुआ और नाम लिया गया। बताइए, क्या सहारनपुर का दंगा था?...(व्यवधान) दो लोगों के बीच, एक कह रहे थे कि गुरुद्वारे की जमीन है और दूसरे कह रहे थे कि यह हमारी मस्जिद की जमीन है। इन दोनों के बीच विवाद हुआ, झगड़ा हुआ और मौत भी हो गई लेकिन यह घटना कितनी जल्दी शांत हुई। यह दो घंटे के अंदर शांत हो गई। इतना बड़ा विवाद हुआ, संघर्ष हुआ, बहुत हत्याएं हुई, जुल्म हुआ, मुज्जफरनगर में सब कुछ हुआ, लेकिन मुझे गर्व है कि मैंने दो दिन के अंदर इस पर नियंत्रण किया। आज तक हिन्दुस्तान में इतना बड़ा विवाद दो दिन के अंदर कहीं भी नियंत्रित नहीं हुआ है। हमने उस पर नियंत्रण कर के दिखाया और बड़ी कोशिश की। हमारे यह बाबा, आदित्यनाथ जी झांसी में छिप गए। फिर, मुझे खबर मिल गई। ...(व्यवधान) झांसी से यह चले और जब परिक्रमा करना था,...(व्यवधान)

योगी आदित्यनाथ (गोरखपुर): हम छिपे नहीं थे।...(व्यवधान)

श्री मुलायम सिंह यादव : मस्जिद की परिक्रमा के नाम पर अयोध्या में जा कर दंगा करना,...(व्यवधान) तो कौन, हमारा असली प्रिय है...(व्यवधान) समझ लेना चाहिए, हमने तुम्हारे बारे में कहा था।...(व्यवधान)

योगी आदित्यनाथ : न्यायालय के आदेश के बाद भी...(व्यवधान)

श्री मुलायम सिंह यादव : उपाध्यक्ष महोदय, आपने इन्हें बोलने की इजाजत दी है या हमें दी है।...(व्यवधान) आप इन्हें बिठाइए।...(व्यवधान) मैंने नाम नहीं लिया है, आदित्यनाथ नहीं कहा है। मैंने तो कहा ये है। हमने बहन का नाम बहन जरूर कहा।...(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER: Nothing will go on record.

*(Interruptions) â€¦**

HON. DEPUTY SPEAKER: Do not shout. You are not allowed to shout.

...(*Interruptions*)

श्री मुलायम सिंह यादव : ये परेशान क्यों हैं?...(व्यवधान) आपको समझना चाहिए कि दंगा कौन कराता है। आप समझ लीजिए।...(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER: Do not make such shouts please. This is Parliament.

...(*Interruptions*)

श्री मुलायम सिंह यादव : अब आप दंगा नहीं करवा पाएंगे। ...(व्यवधान) हमारी सरकार के रहते दंगा कराएंगे तो तुरंत नियंत्रित करेंगे।...(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Mulayam Singh Yadav, just stop for a minute.

I may inform all the Members that we are discussing a serious matter. He is a senior Member and also a former Chief Minister. When he is saying something, please listen to him. If at all you have any objection you raise it afterwards and not in the middle. Then, there will not be any discussion at all. Therefore, please cooperate with the Chair. Do not shout like this. You go on shouting. It is not fair on your part. Please do not shout. Let him speak....(*Interruptions*)

He is a senior Member. Please listen to him. If you have any objection, you can speak afterwards but not in the middle. Let him complete.

श्री मुलायम सिंह यादव : यह नई बात नहीं है। जब माननीय अटल जी प्रधान मंत्री थे और हम बोलने के लिए खड़े हुए तो ये सब लोग शोर मचाने लगे। अटल जी कहने लगे, मुलायम सिंह जी जब बोलेंगे तो ये थोड़ा-बहुत शोर तो करेंगे।...(व्यवधान) ये हमसे परेशान हैं।...(व्यवधान) देखिए, परेशान हैं।...(व्यवधान) ये कामयाब हो ही नहीं सकते।...(व्यवधान) हमारा हिन्दुस्तान मानवतावादी है। साम्प्रदायिक शक्तियों को अब कोई बर्दाश्त नहीं कर सकता। मैं इसे दोहराना नहीं चाहता कि ये कैसे चुनाव जीतकर आ गए।...(व्यवधान) हम आज कह रहे हैं कि सावधान रहिए। बहुमत मिल गया है तो आगे के बहुमत के लिए सावधान हो जाइए, नहीं तो आपको मुश्किल होगी।...(व्यवधान) हम कह रहे हैं कि इसके दो कारण हैं - एक, आपसी अविश्वास काफी पैदा हो चुका है। अगर साम्प्रदायिकता को रोकना है तो उसे हम सबको मिलकर ठीक करना पड़ेगा। कोई एक-दूसरे पर विश्वास नहीं करता। हम भुक्तभोगी हैं और आप में से भी बहुत से सदस्य हैं। हम इसके लिए कैसे वातावरण बनाएं, इस बारे में चाहे नेता बैठें, सदन में बहस हो ही रही है, इसमें हम अपनी बात रख सकते हैं, दोबारा कभी इस पर बहस कर सकते हैं। इसे खत्म करना पड़ेगा। देश को मजबूत करना पड़ेगा। दोनों वर्गों ने मिलकर देश को आजाद करवाया है, देश का विकास किया है। जहां तक माइनॉरिटी का सवाल है, अगर किसी ने देश का 80 फीसदी विकास किया है तो केवल किसानों और मुसलमानों ने किया है। आप अध्ययन कर लीजिए।...(व्यवधान) दस्तकारी का काम किसके हाथ में है। आज भी 80 फीसदी दस्तकारी मुसलमानों के हाथों में है। आप उनका सिला हुआ कपड़ा क्यों पहनते हैं, ...(व्यवधान) जेवर कौन बढ़िया बनाता है, उनसे नफरत करते हैं और शादी में बहू-बेटियों को उन्हीं के हाथों से बनायी हुई साड़ी और जेवर पहनाते हैं। ...(व्यवधान) उनको बनारसी साड़ी पहनाते हैं। बनारसी साड़ी कौन बनाता है? ...(व्यवधान) आप बताइये कि उसे कौन बनाता है? ...(व्यवधान) कारपेट कौन बनाता है? ...(व्यवधान) आप उसे बिछाते हैं। ...(व्यवधान) इसलिए हम आपसे कहना चाहते हैं कि जो आपसी अविश्वास है, वह खत्म होना चाहिए। ...(व्यवधान) यहां से यह संदेश जाना चाहिए। ...(व्यवधान) हमारे और आपके प्रति जो अविश्वास बढ़ रहा है, उसे खत्म करना चाहिए और जो हो चुका है, उसे ठीक करना है। इससे साम्प्रदायिकता खत्म हो जायेगी। ...(व्यवधान)

आपको हमसे क्या परेशानी है? अब बाबा को तो परेशानी हो सकती है, लेकिन आपको क्या परेशानी है? ...(व्यवधान) इसलिए हम आपसे बार-बार दोहराना चाहते हैं कि अविश्वास खत्म होना चाहिए। हम खुद भुक्त-भोगी हैं, आप भी हैं, सब हैं। ...(व्यवधान) आपसी अविश्वास कैसे खत्म हो, इस पर अगर आपको अलग से बहस करनी है, तो वह करनी चाहिए।

दूसरी बात यह है कि जो माइनोरिटी के लोग हैं, उनके बारे में भी हमें अपनी राय थोड़ी बदलनी होगी। उन्हें भी हमें कुछ सुविधा देनी होगी। आज उन्हें कोई सुविधा नहीं दी जा रही। बहुत से लोग ऐसे हैं, जिन्हें नौकरियों के साथ अन्य सुविधाएं भी नहीं मिल पा रहीं। हम जब सरकार में नहीं थे, तब उत्तर प्रदेश में मुसलमानों की नौकरियों में एक फीसदी से ज्यादा भर्ती नहीं थी। मैं आज खुलकर बोल रहा हूं। ये क्या कहते थे -- इनका सीना चौड़ा नहीं है। जब हम मुख्यमंत्री बने, तो उनकी संख्या 11 परसेंट हो गयी। जैसे ही हम सरकार में आये, उनका सीना चौड़ा हो गया और जब तक ये रहे, तब तक सीना पतला था। ...(व्यवधान) जब आपके लोग थे, तब सीना पतला था। ...(व्यवधान) आपके यहां भी थोड़ी गलती हुई है। ...(व्यवधान) अब आप उसे सुधार रहे हैं। ...(व्यवधान) आप जैसे लोग सुधार सकते हैं। ...(व्यवधान) आप लोग सुनिए। ...(व्यवधान) आप सबसे भी गलती हुई है। उन्हें सुविधाएं नहीं मिली हैं। ...(व्यवधान) असली बात यह है कि साम्प्रदायिकता क्या है? साम्प्रदायिकता क्या है, इसे आप खुलकर नहीं बोलते, मैं खुलकर बोल रहा हूं। आपको इससे परेशानी होती है। ...(व्यवधान)

श्री रमेश बिधूड़ी (दक्षिण दिल्ली) : उपाध्यक्ष महोदय, इतने सीनियर लीडर हो कर यह जाति की राजनीति बता रहे हैं। ...(व्यवधान) हम मुसलमान विरोधी नहीं हैं। ...(व्यवधान)

श्री मुलायम सिंह यादव : आप पहली बार जीत कर आये हैं, ...(व्यवधान) अगर दोबारा जीतेंगे तब पता चलेगा। ...(व्यवधान)

PROF. SAUGATA ROY : Sir, only one Member from that side is disturbing him again and again. ...(*Interruptions*)

HON. DEPUTY SPEAKER: Hon. Member, you are making too much disturbance in the House.

...(*Interruptions*)

श्री मुलायम सिंह यादव : पहली बार जीतकर आये हैं। ...(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER: The Member has a right to speak. You cannot disturb him like this.

...(*Interruptions*)

श्री मुलायम सिंह यादव : जब आप दोबारा जीत कर आयेंगे तब पता चल जायेगा। ...(व्यवधान) जब आप जनता की कसौटी पर खरे उतरेंगे, तब पता चलेगा? ...(व्यवधान)

श्री रमेश बिधूड़ी : उपाध्यक्ष महोदय, इतने सीनियर लीडर क्या ऐसी भाषा बोलेंगे कि मुसलमान, मुसलमान ...(व्यवधान)

श्री मुलायम सिंह यादव : क्या बात है? ...(व्यवधान) क्या यह हमसे बहस करने लायक हैं? ...(व्यवधान) मैंने इनके खिलाफ क्या बोला है? ...(व्यवधान) आप उनकी बनायी हुई साड़ी अपनी बहू-बेटियों को मत पहनाना। ...(व्यवधान) आप बात मत कटवाना। ...(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Mulayam, you please continue your speech.

...(*Interruptions*)

HON. DEPUTY SPEAKER: Please do not shout. You are from the ruling side, and you have to keep quiet.

...(*Interruptions*)

HON. DEPUTY SPEAKER: If you want to speak, then you can speak afterwards and I will allow you to speak.

...(*Interruptions*)

श्री मुलायम सिंह यादव : वे उन्हीं से बात कटवायेंगे ...(व्यवधान) उन्हीं से कपड़े सिलवायेंगे, जेवर भी उन्हीं से बनवायेंगे ...(व्यवधान) साड़ी भी उन्हीं की बनवायी हुई पहनेंगे। ...(व्यवधान) कारपेट भी उन्हीं की बनी हुई बिछायेंगे और उनसे नफरत करेंगे, यहां शोर मचायेंगे। ...(व्यवधान) आप शोर क्यों मचाते हैं? ...(व्यवधान) हम जानते थे कि आप शोर मचायेंगे। ...(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Mulayam, please address the Chair.

...(*Interruptions*)

श्री मुलायम सिंह यादव : उपाध्यक्ष महोदय, हम चाहते हैं ...(व्यवधान) हम खराब भाषा नहीं बोल रहे। ...(व्यवधान) हम आप जैसे थोड़े ही हैं। ...(व्यवधान) हम आपसे कहना चाहते हैं कि आज हम सब इस पर लंबी बहस कर रहे हैं। हमें केवल यही कहना है कि कैसे एक दूसरे में विश्वास पैदा होगा और कैसे देश के विकास में दोनों जुटेंगे? ...(व्यवधान) जब पाकिस्तान से युद्ध हुआ, तो उसमें सबसे ज्यादा बलिदान किसने दिया? ...(व्यवधान) अब्दुल हमीद ने अपनी जान देकर देश को बचा लिया। ...(व्यवधान) अगर वह कूदकर जान नहीं देता तो हमारी फौज का बहुत बड़ा नुकसान हो जाता। ...(व्यवधान) यह मामूली बात नहीं थी। ...(व्यवधान) वह विस्फोट होता तो उससे हमारी बहुत सारी फौज मारी जाती। ...(व्यवधान) अब्दुल हमीद बम लेकर उसी में कूद पड़ा। ...(व्यवधान) उन्होंने पाकिस्तान के बम को खराब किया। पाकिस्तान की लड़ाई में भी उनकी शानदार भूमिका रही है, तो परेशानी किस बात की है? ...(व्यवधान) हम कह रहे हैं कि वह सही है और आज भी वे लोग ही विकास कर रहे हैं। ...(व्यवधान) उनके बुने हुए कपड़े मत पहनिए, उनसे बात मत कटवाइए, ज़ेवर मत बनवाइए। आप सारा काम उनसे करवाते हैं और उनसे नफरत करते हैं। सच बात तो कहनी पड़ेगी। देश के सामने हम सब मिलकर चलें, मेरी यह राय है। ...(व्यवधान) आपने बड़ी कोशिश कर ली, ठीक है कि आप लोक सभा के चुनाव में जीत गये, लेकिन विधान सभा के चुनाव में क्या हुआ? ...(व्यवधान) विधान सभा के चुनाव में आपने क्या कर लिया? लोक सभा के चुनाव में भी आपको दिक्कत हो जाती,...(व्यवधान) वह तो गलती इनकी हुई, मैंने बता दिया, ...(व्यवधान) दस साल इन्होंने लगातार राज किया, पर जनता पर प्रभाव नहीं जमा पाये और उसी का लाभ आप उठा ले गये। हमारे साथ ऐसा इसलिए नहीं हुआ, क्योंकि, पूरे देश में हमारी पार्टी नहीं थी, वरना आप नहीं आ पाते। ...(व्यवधान) हमको वोट का एक प्रतिशत मिला है, यह ध्यान रखें, सावधान हो जाएं। एक मैगज़ीन ने लिखा है कि बी.जे.पी. सावधान हो जाए । ...(व्यवधान) उनके आंकड़े तो आपने दिये थे...(व्यवधान) कि आपको कितने प्रतिशत वोट मिले, लेकिन सरकार बन गयी, अच्छी बात है, आपका स्वागत है, आपको बधाई हो, लेकिन सच्चाई तो सुन लीजिए।...(व्यवधान) सच्चाई सुनने में क्या दिक्कत है। हम सारी बातें क्यों सुनते रहें। हमने तो बीच में नहीं बोला। बहुत-से आपत्तिजनक भाषण दिये जाते हैं और दिये गये हैं, पर मैंने कभी बीच में नहीं टोका। लेकिन बाबा न जाने क्यों टोक देते हैं? ...(व्यवधान) छोटा महंत...(व्यवधान) ठीक है, महंत। हम तो बाबा ही कहते रहे, लेकिन आज महंत कहलवा लें।...(व्यवधान) पर महंत बन तो जाइए। कितनी बड़ी जिम्मेदारी होती है, महंत की? उसी तरह से रहिए...(व्यवधान) इन्होंने मुझे संदेश दिया...(व्यवधान) अब वे पर्सनल बातें हम नहीं कहेंगे।...(व्यवधान)

योगी आदित्यनाथ : ये एक सीनियर सदस्य हैं और आपत्तिजनक बातें कर रहे हैं। ...(व्यवधान)

इनको अपने सम्मान का ध्यान रखना चाहिए, नहीं तो इनको अपमानित होना पड़ेगा। ...(व्यवधान)

श्री मुलायम सिंह यादव : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपसे एक ही निवेदन करना चाहता हूँ।

HON. DEPUTY-SPEAKER: If there are any objections, they will be taken care of.

...(*Interruptions*)

PROF. SAUGATA ROY : What is he objecting to? What did he say? ...(*Interruptions*) ऐसा क्या बोला गया, जिस पर इनको आपत्ति है? When the Opposition criticizes them, they would not let anybody speak. Is that the fate of the House? ...(*Interruptions*)

SHRI MALLIKARJUN KHARGE : Yesterday, as you know, when he spoke, we all kept quiet. He used terms like 'Pakistani Agenda'; he accused and abused us, but we kept quiet. We never interfered in his speech. Why is he interfering when Shri Mulayam Singh Yadav is speaking? Let them speak afterwards. Let them take their time and let them counter it in their arguments, but why are they interrupting him now?

PROF. SAUGATA ROY : They are not allowing anybody to speak. ...(*Interruptions*)

श्री मुलायम सिंह यादव : उपाध्यक्ष महोदय, आप कार्यवाही देख लें, मैंने एक भी आपत्तिजनक शब्द नहीं बोला है।...(व्यवधान) मैंने महन्त साहब कह दिया, बाबा जी कह दिया, तो भी परेशानी है। अब क्या कहें? असली बात कह दें, तो फिर आप जानते हैं।...(व्यवधान) * मुरादाबाद में दंगा कराने गए थे, कितौर में गए थे।...(व्यवधान) वहां पकड़ा पुलिस ने, इनकी पार्टी के दो विधायक थे।...(व्यवधान) उसने कहा कि पूरे प्रदेश में दंगा कराने वाली यह पार्टी है। एक अफसर ने यह कह दिया, खुलेआम देश के सामने बयान दिया है।...(व्यवधान) ये साम्प्रदायिक सद्भाव तोड़ रहे हैं या नहीं?...(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER: Please conclude Mulayam Ji.

श्री मुलायम सिंह यादव : मैंने आपके खिलाफ क्या कह दिया?...(व्यवधान) आपकी आरती उतारें?...(व्यवधान) इनकी आरती उतारें?...(व्यवधान) ढोल बजाकर आरती उतारेंगे।...(व्यवधान) तुम्हारी आरती उतारें।...(व्यवधान)

साध्वी सावित्री बाई फूले (बहराइच) : उत्तर प्रदेश में इतनी घटनाएं हो रही हैं खुले आम, आप उसके बारे में क्यों नहीं बोलते?...(व्यवधान)

श्री मुलायम सिंह यादव : वह बहन क्या बोल रही हैं?...(व्यवधान)

प्रो. सौगत राय : अरे, देखिए। कहां से आ गई ये सब।...(व्यवधान)

श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर): दादा, आप यह कैसे बोल सकते हैं?...(व्यवधान)

प्रो. सौगत राय : आप मुझे डराइए मत।...(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER: Mr. Saugata Roy, what is this? You are a senior Member.

...(*Interruptions*)

HON. DEPUTY SPEAKER: I am standing on my feet.

...(*Interruptions*)

HON. DEPUTY SPEAKER: Yesterday also, I said that if there was any objectionable thing, it would be removed. If Mulayam Singh ji speaks any objectionable thing, that will be removed. Therefore, please cooperate. Let him first finish his speech.

...(*Interruptions*)

HON. DEPUTY SPEAKER: Please conclude Mulayam Ji.

श्री मुलायम सिंह यादव : उपाध्यक्ष महोदय, मेरी राय यह है कि मैं इस सदन को पहले ही कह चुका हूं कि यह सदन सद्भाव पैदा करे, तो आपत्ति क्यों हो।...(व्यवधान) आप इनको कहिए। मैंने एक भी शब्द खराब नहीं बोला है।...(व्यवधान) मैं नीतियों की बात कह रहा हूं। यह सही है कि इनकी नीतियों की वजह से नुकसान हुआ है और देश में साम्प्रदायिक सद्भाव टूटा है। ...(व्यवधान) कई उदाहरण ऐसे हैं, अगर वर्ष 1987 से अब तक के उदाहरण देना शुरू कर दूं, एक-एक बात आपको बता दूं।...(व्यवधान) अब क्या मतलब था, कहते हैं परिक्रमा करेंगे।...(व्यवधान) परिक्रमा एक बार

होती है नवरात्रि में और उसमें सब लोग शामिल होते हैं।...(व्यवधान) उस परिक्रमा में सारे के सारे इकट्ठे हो जाते हैं।...(व्यवधान) अब ये परिक्रमा करेंगे और सारे हिन्दुस्तान के साधुओं को बुला लेंगे।...(व्यवधान) मिले हमको, हमने फिर से संभाला।...(व्यवधान) दंगा-फ़साद कराने में लगे हैं। अभी-अभी का मामला है, कित्तौर का मामला है, एक अधिकारी ने खुलेआम बयान दिया है।...(व्यवधान) एक अधिकारी ने खुलेआम बयान दिया है।...(व्यवधान) * ऐसा बयान दिया है। एसएसपी, मुरादाबाद ने ऐसा बयान दिया है और सच्चाई है, तो हमें और आपको ठीक होना चाहिए।...(व्यवधान) जनप्रतिनिधि से क्या उम्मीद की जाती है?...(व्यवधान) अब मैंने ऐसा कौन सा शब्द बोल दिया है। मैंने महन्त कह दिया, बाबा नहीं तो महन्त, इसमें क्या बुरा है?...(व्यवधान) ये महन्त हैं, मैं मानता हूं।...(व्यवधान) जैसे वे महन्त थे, वैसे तो बनिए।...(व्यवधान) महन्त अवैद्यनाथ जैसे थे, उनके आचरण पर आपको चलना चाहिए।...(व्यवधान) जब यह विवाद खड़ा हुआ अयोध्या में, महन्त अवैद्यनाथ ने बहुत अच्छी राय दी।...(व्यवधान) उन्होंने रोका। मैं इनके मठ में मिलने गया, उन्होंने साफ तौर पर कहा कि मुलायम सिंह यादव ठीक कर रहे हैं।...(व्यवधान)

योगी आदित्यनाथ : हम कभी उसका समर्थन नहीं कर सकते। आप सही नहीं कह रहे हैं।...(व्यवधान)

श्री मुलायम सिंह यादव : ये हाउस में ऐसा कर रहे हैं और बाहर भी ऐसा कर रहे हैं...(व्यवधान)

मैं तो तारीफ कर रहा हूं। आपको तारीफ में भी परेशानी हो रही है।...(व्यवधान)

SHRI ARJUN RAM MEGHWAL (BIKANER): Sir, I am on a point of order. Rule 353 is about procedure regarding allegation against any person. It says:

> "No allegation of a defamatory or incriminatory nature shall be made by a member against any person unless the member has given adequate advance notice to the Speaker and also to the Minister concerned so that the Minister may be able to make an investigation into the matter for the purpose of a reply."

He has leveled an allegations against Shri Yogi Adityanath. It must be removed from the proceedings.

HON. DEPUTY SPEAKER: I have already said that if there is anything objectionable, it would be removed from the record.

श्री मुलायम सिंह यादव: उपाध्यक्ष महोदय, साम्प्रदायिक सद्भाव कौन खराब करता है, कौन उत्तरदाई है, मैंने किसी के बारे में कोई गलत बात नहीं कही। मैं तो महंत अवेद्यनाथ जी की तारीफ की कि मैं उनका बहुत आदर करता हूं। आप उनके उत्तराधिकारी बन गए हैं, मैंने यह कहा कि जैसा सम्मान उन्होंने पाया है, आप भी पाएं। इसमें भी लगता है आपको परेशानी हो रही है। फिर मैं और क्या कहूं...(व्यवधान) हम चाहते हैं कि जो दंगे हुए हैं, उनकी जांच के लिए सभी दलों की समिति बनाई जाए, जो यह देखे कि किसका इनमें हाथ है।

सभापति जी, देश में आज हालात अच्छे नहीं हैं। जगह-जगह कहीं धर्म के नाम पर, कहीं जाति के नाम पर विवाद खड़े हो जाते हैं। जहां तक उत्तर प्रदेश का सवाल है, उत्तर प्रदेश का नाम इस चर्चा में आया है, मैं उस बारे में कुछ कहना चाहता हूं। आप आज आंकड़े मंगा लीजिए, आपके पास हैं, उनसे पता चलता है कि सबसे बढ़िया कानून व्यवस्था यदि कहीं है देश में तो उसमें उत्तर प्रदेश का नम्बर पहला है। ये आंकड़े हमारे नहीं हैं, ये भारत सरकार के गृह मंत्रालय के हैं। देश में अगर कहीं सबसे ज्यादा रेप की घटनाएं हुई हैं तो मध्य प्रदेश में हुई हैं, दूसरे नम्बर पर राजस्थान है। उत्तर प्रदेश में जनसंख्या के अनुपात में सबसे कम रेप की घटनाएं हुई हैं, करीब दो प्रतिशत और मध्य प्रदेश में 9.8 प्रतिशत तथा राजस्थान में सात प्रतिशत, और आप बात करते हैं उत्तर प्रदेश में साम्प्रदायिक दंगों की या कानून व्यवस्था की बिगड़ती हालत की। सबसे कहीं रेप की घटनाएं उत्तर प्रदेश में हुई हैं।...(व्यवधान) ये भारत सरकार के आंकड़े हैं, हमारे नहीं हैं। ये आंकड़े आपकी सरकार के हैं, आपके गृह मंत्री जी और गृह मंत्रालय के आंकड़े हैं।

हम बड़ी विनम्रता से कहना चाहते हैं कि साम्प्रदायिक सद्भाव कैसे बनाए रखा जाए, इस पर यहां बहस हो रही है। अगर इस बहस का कोई सार्थक हल नहीं निकलेगा, तो फिर इसका फायदा क्या, क्योंकि इतना खर्च भी हो रहा है। इसलिए हम सबको किसी नतीजे पर पहुंचना चाहिए, पूरे सदन की एक राय हो कि कैसे सद्भाव बनाए रखा जा सकता है। इस समय लोगों में एक अविश्वास पैठा हो गया है, उसे कैसे खत्म किया जाए, इसका हल निकालना चाहिए। तब ही देश का विकास हो सकता है, जब सारे मिल जाएं, एक हो जाएं।...(व्यवधान) यह सही है कि हिन्दुस्तान का विकास अगर किसी ने किया है तो वह किसान और मुसलमान ने किया है। ...(व्यवधान) इसमें क्या परेशानी है, मैं सही कह रहा हूं और यह भी कहना चाहता हूं कि किसान और मुसलमान दोनों की इस देश में उपेक्षा हुई है। इसलिए हमें इन चीजों पर विचार करके इस बहस को सार्थक बनाते हुए सभी पक्षों में सद्भावना पैदा करने की बात करनी चाहिए।

*m02

SHRI E.T. MOHAMMAD BASHEER (PONNANI): Sir, thank you very much for giving me this opportunity. We are discussing a very important topic pertaining to the honour and existence of this biggest democratic country of ours.

We had incidents of communal violence earlier also. The Nellie Massacre of 1983, the Gujarat riots of 2002, and the latest clashes in Saharanpur of 2014, if we get into the root cause of all this, we will come to know that the British left India after sowing the poisonous seeds of communal virus in this country. They had the ulterior motive of divide and rule.

Fortunately this country had great leaders like Mahatma Gandhi, Pandit Jawaharlal Nehru and many others. Gandhiji once wrote, "I do not expect India of my dreams to develop one religion that is to be wholly Hindu or wholly Christian or wholly Musalman, but I want it to be wholly tolerant, with its religions working side by side with one another".

If we examine the contemporary Indian situation, I would like to say that the policies of this government are not at all helpful in controlling communal violence. I would like to say that they are stimulating communal tension. They have to think honestly to find out a mechanism to control this kind of communal violence.

14.52 hrs (Shri Anandrao Adsul *in the Chair*)

Sir, my first and foremost suggestion is with regard to the educational sector. We must nurture the values of communal harmony in our classroom itself. At the same time, if we inject the communal poison in the veins of budding generations, where will this country go? We have to think about

this.

I wish to say with profound regret that this government is planning to communalise the very basis of the nation, including the foundation of education. I do not want to provoke anybody. With all humbleness I would like to quote a few questions and answers taught in Gujarat's schools now. A 21-member Committee has been constituted under Bharatiya Shiksha Nidhi Ayog to suggest educational reforms according to the political ideology of BJP. Educational institutions such as ICHR, NCERT, and UGC are all in the grip of political masters.

If you make an examination of the textbooks now taught to school students in Gujarat you will find the following:

Question: How many devotees of Rama laid down their lives to liberate Ram Temple from 1528 to 1914?

Reply: 3,50,000.

Question: How many times the foreigners invaded Shri Ram Janmabhoomi?

Reply: Seventy-seven times.

Question: What was the number of struggles for the liberation of Ram Janmabhumi, which was launched on October 30, 1990?

Reply: Seventy-eight struggles.

Question: Which Muslim plunderer invaded the temples in Ayodhya in 1033?

Reply: Mahmud Ghaznavi's nephew Salar Masud.

Question: Which Mughal invader destroyed the Ram Janmabhoomi in 1528?

Reply: Babur.

Apart from these, there are some wonderful findings which go as follows:

- Qutb Minar was constructed by Samudragupta and its original name was Vishnu Sthambha (page 73, Gaurav Gatha).

- The Babri Mosque was constructed after destroying a temple, which in turn stood on the exact spot where Rama was born. (High School Itihaas Bhaag-2, page 146.)

- Qur'an was the basis of the state policy of Aurangzeb, and whatever policy was adopted for running the government was basically for promoting Islam.

Sir, if these are the lessons we are teaching in the classrooms, where are we leading this country to? We have to think about this.

Sir, recently a Supreme Court Judge made a statement. He said, "Had he been a dictator of India, he would have introduced *Gita* and *Mahabharata* in Class I. You teach *Gita* and *Mahabharata*, *Quran* or *Bible*, but teach them in the classrooms of religious institutions. Why do you want to bring it in the schools?" All I am saying is, if you poison the minds of the budding generation, you criminalise the country. I wish to warn the Government. I would not say much on this because when Shri Mulayam Singh Yadav spoke, he spoke a lot on that.

Somebody was asking why we should discuss this point in Parliament. Whether it is UPA or NDA, we may have some political bases but we have to keep in mind that we should not glorify communal incidents. This Government, with due respect, I would say came power by glorifying the Gujarat riots. ...(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON : You please conclude now.

...(*Interruptions*)

SHRI E.T. MOHAMMAD BASHEER : That was the stepping stone; that was how this Government came power. What I am saying is you should not mix your political liking to the secular country. ...(*Interruptions*)

Sir, I conclude now.

*m03

श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा (आनंदपुर साहिब) : सभापति जी, साम्प्रदायिक घटनाओं को प्रभावशाली तंत्र के साथ बंद करने की जो चर्चा छिड़ी है, मैं अपनी पार्टी शिरोमणी अकाली दल की तरफ से उस पर बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं।

मैं समझता हूं कि जो विषय है, उसके पीछे क्या सोच है, वही साम्प्रदायिक घटनाओं का कारण बन रहा है। आज कम्यूनलिज्म और सैक्यूलरिज्म के जो अर्थ निकाले जा रहे हैं, वे गलत हैं। जो धर्म को मानते हैं, उन्हें कम्यूनल कहा जाता है और जो धर्म से नफरत करते हैं, उन्हें सैक्यूलर कहा जाता है। यह देश वह देश है, जिसमें ऋषि, मुनि, पीर, पैगम्बरों ने जन्म लिया है और उपदेश दिया है। इस देश की धरती के लोगों को हमारे गुरुओं ने कहा - "मानस की जात, सबके एक ही पहचान। " हमारे गुरुओं ने कहा - "सूरा सो पहचानिए, जो लरे दीन के हेत। " हमारे गुरुओं ने उपदेश दिया - "अव्वल अल्लाह नूर उपाया, कुदरत दे सब बंदे, एक नूर ते सब जग उपजेया, कौन भले, कौन मंदे। " हमारे देश में अंग्रेजों की सोच से राजसी फायदा लेने के लिए लोगों को धर्म के नाम पर बांट दिया। मैं कहता हूं कि जो धर्म से नफरत करते हैं, असली रूप में वे कम्यूनल हैं। जो गुरुद्वारे में फौज ले जाकर टैंकों से लोगों को गिराते हैं, वे कम्यूनल हैं। जो किसी धर्म के बच्चों को गले में टायर डाल कर जलाते हैं, वे कम्यूनल हैं। जो धर्म को मानने वाले हैं, उन्हें कम्यूनल कैसे कह सकते हैं। यहां इमरजेंसी के समय में विदेशी ताकतों के प्रभाव में आ कर हमारे संविधान की प्रस्तावना में भी अमेंडमेंट कर दिया गया। हमारी मानसिकता में से धर्म खत्म कर दिया, हमारे ऊपर कानून लागू कर दिया कि आप धर्म को नहीं मानेंगे। जो धर्म को मानेगा, उसे डिस्क्वालीफाई कर दिया जाएगा।

यहां जितने लोग बैठे हैं, इनमें से कौन है जो धर्म को नहीं मानता है, फिर अमेंडमेंट क्यों किया गया? कुछ लोगों ने बहुत होशियारी से अंग्रेजों की सोच ले कर इस देश को धर्म के नाम पर बांट कर लोगों को लड़वाकर लोगों की लाशों पर कुर्सियां रखकर राज किया। आज हमारे दिल में जो आग जल रही है, उसे बुझाने के लिए मैं निवेदन करूंगा कि आप अपनी सोच में बदलाव लाएं और हर धर्म का सम्मान करें। यह वह देश है, जहां गुरु तेग बहादुर साहब जनेऊ नहीं पहनते थे, मगर कश्मीर से चलकर पंडित आनंदपुर साहब आए, सौभाग्य से मेरे संसदीय क्षेत्र का नाम भी आनंदपुर साहब है, जहां से गुरु तेग बहादुर साहब आए। उन्होंने यहां बलिदान दिया। उनका यहां साथ के गुरुद्वारे में संस्कार हुआ। उन्होंने सभी धर्मों का बराबर सम्मान करने के लिए अपना बलिदान दिया।

15.00 hrs

मुझे इस बात का खेद है कि इस देश में राज करने वाले लोगों ने धर्म को मिटाने के लिए, धर्म की शक्ति को मिटाने के लिए, धर्मी लोगों में नफरत पैदा करने के लिए तमाशा बना दिया, अपनी राजसी सत्ता के लिए तमाशा बनाया। मैं मुलायम जी का बहुत सत्कार करता हूं। ये ऐसे व्यक्ति हैं जब 1984 में कत्लेआम हो रहा था, इन्होंने आवाज उठाई थी और इनको नुकसान भी हुआ था। लेकिन आज मुझे बहुत खेद हुआ जब इन्होंने देश के विकास के लिए केवल किसानों और मुसलमानों की बात कही। मैं कहना चाहता हूं कि इसमें सिखों का भी हिस्सा है, हिंदुओं का भी हिस्सा है, इसाई भाई दफ्तर में काम करते हैं, उनका भी हिस्सा है। यही तो सोच है। वोट लेने के लिए कहीं वोट बैंक ज्यादा होता है तो कहीं कम होता है तो वहां उस तरह का स्लोगन लगता है, हो सकता है उत्तर प्रदेश में कम वोट हों। मैं हाउस को याद दिलाना चाहता हूं कि सांप्रदायिक घटनाएं कब शुरु हुई। 1971 में सबसे ज्यादा सेक लगा। 1971 में जनरल इलैक्शन हुए, पंजाब से इधर के इलाकों में और तरह के पोस्टर लगे, जब पंजाब से जम्मू कश्मीर के इलाकों में और तरह पोस्टर लगे थे। उस समय की लगाई आग जम्मू कश्मीर में अब भी जल रही है। जब देश के नेता इस तरह की सोच पर चलेंगे तो कैसे देश बचेगा?

इस देश ने 1984 में तमाशा देखा जब लोगों का कत्लेआम हो रहा था। उस समय देश के एक नेता ने कहा था कि जब बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती कांपती है।...(व्यवधान) आज यहां चर्चा शुरु की गई है। आइडेंटिफाई किया गया, दोष लगाए गए, कितने कमीशन बैठे, कत्लेआम के दोषी लोगों को आइडेंटिफाई किया गया, उनको मंत्री बनाया गया, एमएलए और एमपी बनाया। देश में कैसे घटनाएं रुक सकती हैं? जब आप प्रभावशाली तंत्र की बात कहते हैं तब लगता है कि क्रश करने की बात कह रहे हैं। जब किसी की भावना को क्रश करेंगे तो रिएक्ट होगा।...(व्यवधान) इन्होंने क्रश करके 1984 में फौज और टैंक चढ़ाकर देखा। फिर देश में क्या हुआ? ...(व्यवधान)मैं कहना चाहता हूं कि अगर विल पावर होती है तो सब कुछ रुक जाता है।, जब 1984 में कत्लेआम हुआ था, माननीय वाजपेयी जी ने इसके विरोध में आवाज उठाई थी। उनकी गिनती कम हो गई थी लेकिन आज देश के लोग इसे सबसे बड़ी पार्टी के रूप में चुनकर हाउस में ले आए। ...(व्यवधान) माननीय नरेंद्र मोदी जी ने 'सबका विकास, सबका साथ' की बात कही, गुरु नानक के संदेश 'सरबत दा भला' पर चलने की बात कही। देश आगे बढ़ सकता है अगर हाउस सब धर्मों का सम्मान करे और सांप्रदायिक सिस्टम को क्रश करने की विल पावर रहे।

*m04

श्री मोहम्मद असरारुल हक (किशनगंज) : इज्ज़त मआब सदरे इजलास, आपने मुझे नियम 193 के तहत फिरकावाराना तशद्दुद पर जारी बहस पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूं। इज्ज़त मआब कल से जारी बहस में फिरकावाराना तशद्दुद की रोकथाम के लिए एक मेकेनिज्म बनाने की बात हो रही है। मैं चाहता हूं कि मेरी पांच तजवीजों को इस मेकेनिज्म का हिस्सा बनाया जाए। मैं पांच तजवीजें पेश करके अपनी बात खत्म करूंगा। मैं आपसे गुजारिश करता हूं, यह छोटी-छोटी तजवीजें हैं, मुझे पांच तजवीजें पेश करने का मौका दें। पहली तजवीज यह है कि हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हिंदुस्तानी समाज मुख्तलिफ धार्मिक, इकाइयों, जातों और बिरादरियों पर आधारित है। हम एक दूसरे से रंग, नस्ल, मज़हब और तहज़ीब में अलग-अलग होने के बावजूद एक हैं। हम सदियों से एक दूसरे के साथ शीर और शक्कर की रहते चले आ रहे हैं। यही हमारी शान है, यही हमारी धरोहर है, यही हमारा इतिहास है। यहां की गंगा-जमुनी तहज़ीब और हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, आपस में हैं भाई-भाई के बिरादराना जज़्बात हिंदुस्तान के जम्हूरी ताज के दो चमकदार नगीने हैं। यहां कोई गंगा जल से स्नान कर के पूजा करता है और कोई वज़ू कर के नमाज़ पढ़ता है। इन सब की हिफ़ाज़त हम सभी की ज़िम्मेदारी है। चाहे वह सियासी गलियारों के साहिबे इकतदार हों या आम हिंदुस्तानी शहरी हों। उनका कौमी फ़रीज़ा है कि हिंदुस्तान की इस समाजी खूबसूरती को तबाह न होने दें। यहां की सदियों पुरानी मुशतरका तहज़ीब को सियासी मफ़ाद की ख़ातिर एक ख़ास नज़रिया को परवान चढ़ाने के लिए कुर्बान न करें। इसलिए कि खाके वतन का हर ज़र्रा आफताब है।

इज्जत मआब, दूसरी तजवीज़ मौजूदा हुकूमत के एकतदार में आते ही अकलियतों और कमज़ोर तबकों के ज़हन में अपने तहफ़ूज़ को ले कर शुकुक व शुबहात पैदा होने लगे थे और यह अंदेशा सताने लगा था कि शर पसंद और फिरका परस्त ताकतें मज़ीद ताकतवर और फआल न हो जाएं, जिसकी वजह से अकलियतों और कमज़ोर तबकों को मादर-ए-वतन की ममता से लबरेज़ पाकीज़ा आंचल में सिर छुपाना मुश्किल न हो जाए। आखिरकार उनका अंदेशा सही साबित हुआ। फिरकापरस्तों के इश्तियालअंगेज़ बयानात और शरारत आमेज़ हरकत वो सकानात के नतीज़े में एक ख़ौफ़नाक लहर उठी जिसकी वजह से अकलियतें चौतरफा मज़ालिम का शिकार हुई। कई रियासतों में इंसानियत लहूलुहान हो गई। सिर्फ यही नहीं, इससे बढ़ कर हुआ है नफ़रतों का बोलबाला। दिलों से प्यार घटता जा रहा है। सड़क पर लाश अहंसा की पड़ी है। किनारे एकता रोती खड़ी है। भरा है ज़हर अब गंगोजमन में। वतन बेआबरू है अब वतन में। लिहाज़ा हुकूमत अपने अमल से अकलियतों के जहनों से इस तरह के शुको शुबात को दूर करने के लिए यह अहद करे। आज के बयान में होम मिनिस्टर इसका एलान करें कि अकलियतों के अंदेशा को दूर करने के लिए उनकी आईनी हुकूक की अदायगी में किसी तरह की कोताही नहीं की जाएगी।

इज्जत मआब, तीसरी तज़वीज़ हमारे मुल्क के मेमारों की दूरअंदेशी थी कि उन्होंने आज़ादी के बाद हिंदुस्तान को एक सैक्युलर स्टेट करार दिया। सैक्युलिज़्म का नज़रिया, अनेकता में एकता, मज़हबी रवादारी और तमाम धर्मों के सम्मान पर आधारित है। यूं भी अनेकता में एकता वाले समाज को एक जम्हूरी निज़ाम में, कल्चरों की डायवर्सिटी के तकाज़ों के बीच एक दरम्यानी रास्ते की जरूरत होती है और यह रास्ता सैक्युलरिज़्म का है। लेकिन अफ़सोनाक बात यह है कि हमारे सैक्युलर समाज को जिस ज़हनियत से मुसलसल ज़ख्म लगता रहा है, मौजूदा सियासी माहौल में उसे मज़ीद ताकत और तवानाई मिल गई है। ऐसी ज़हनियत के लोग आपे से बाहर हो गए हैं। कोई कह देता है कि नरेंद्र मोदी के मुखालफिन के लिए हिंदुस्तान में कोई जगह नहीं है। कोई धमकी देता है कि काशी, मथुरा और अयोध्या से मुसलमान अपना दावा वापस कर लें, वर्ना हिंदुस्तान में उनका वजूद खतरे में पड़ जाएगा। कोई कह देता है कि मुसलमान गुजरात के फसाद को भूल गए हों, लेकिन मुज़फ्फरनगर के फसादात उन्हें ज़रूर याद होंगे। कोई कहता है कि वज़ीरे आज़म नरेंद्र मोदी की लीडरशिप में इस मुल्क को हिंदू राष्ट्र में तब्दील किया जाएगा। कोई कहता है कि मुल्क में रहने वाले तमाम लोगों को हिंदू कहा जाए। हालांकि इलैक्शन के दौरान नरेंद्र मोदी जी ने एक सहाफी के सवाल के जवाब में कहा था कि हिंदू राष्ट्र बनाने का मामला, हमारे मुखालफिन का गलत प्रचार है। जमहूरिया हिंद एक दस्तूर के मुताबिक चलता है और हमारा आईन हर मज़हब और हर जात को बराबर दर्जा देता है। किसी मज़हब को खास दर्जा देना दस्तूरे हिंद के मिज़ाज के खिलाफ है। यह साफ हो जाना चाहिए...(व्यवधान)

माननीय सभापति : माननीय सदस्य श्री कीर्ति आजाद।

â€¦(व्यवधान)

माननीय सभापति : केवल कीर्ति आजाद जी की बात रिकॉर्ड में जायेगी।

*(Interruptions) â€¦**

श्री कीर्ति आज़ाद (दरभंगा) : महोदय, उनका माइक बन्द हो जाये तो मैं बोलूँ।...(व्यवधान)

माननीय सभापति : आप बोलिये।

â€¦(व्यवधान)

श्री कीर्ति आज़ाद : महोदय, जब उनका माइक बन्द होगा तभी तो पता चलेगा कि कौन बोल रहा है?...(व्यवधान)

माननीय सभापति : महोदय, धन्यवाद। खड़गे जी ने यह चर्चा शुरू की थी। उन्होंने इस विषय पर चर्चा शुरू की थी, मैं आशा करता हूँ कि वे यहाँ रूकेंगे। ...(व्यवधान) ओवैसी जी को मैं ढूंढ रहा हूँ, वे मुझे कहीं दिखाई नहीं दे रहे हैं। सबसे बड़ा अगर सेक्युलरिज्म का सर्टिफिकेट है तो वह उनके पास है।...(व्यवधान)

माननीय सभापति : आप बैठ जाइये।

â€¦(व्यवधान)

श्री कीर्ति आज़ाद : मुलायम सिंह जी न जाने कहाँ चले गये?...(व्यवधान) वे हमसे बड़े हैं, वे हमारे आदरणीय हैं।...(व्यवधान)

माननीय सभापति : केवल कीर्ति आजाद जी की बात रिकॉर्ड में जायेगी। अन्य किसी की बात रिकॉर्ड में नहीं जायेगी।

*(Interruptions) â€¦ **

HON. CHAIRPERSON : Nothing would go on record except the speech of Shri Kirti Azad.

*(Interruptions) â€¦ **

माननीय सभापति : आप अपनी बात शुरू कीजिए।

â€¦(व्यवधान)

माननीय सभापति : उनका माइक बन्द है, आप अपनी बात शुरू कीजिए। आप चिन्ता मत कीजिए।

â€¦(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे : महोदय, उन्हें एक मिनट का समय दे दीजिए, वे अपनी बात समाप्त कर लेंगे।...(व्यवधान)

माननीय सभापति : हमने उन्हें पाँच की जगह आठ मिनट का समय दे दिया है।

â€¦(व्यवधान)

माननीय सभापति : कीर्ति जी, आप एक मिनट रूकिये। हक जी, आप एक मिनट में अपनी बात समाप्त कीजिए।

â€¦(व्यवधान)

श्री मोहम्मद असरारुल हक : मैं यह चाहता हूँ कि मुल्क के कानून और आईन की धज्जियाँ उड़ाने के जुर्म में उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और उन पर लगाम लगायी जाए। फिरका वाराना फ़सादात हिन्दुस्तान की सेक्युलर पेशानी पर कलंक का टीका है। हिन्दुस्तान के मौजूदा कानूनी निजाम में खामियाँ हैं, जिसकी वजह से फसादी और फसादबर्पा करने वालों को कानून के शिकंजे में आसानी से नहीं लिया जा सकता है।

इसलिए मैं आपके माध्यम से हुकूमत से मुतालिबा करता हूं कि हुकूमत इसके लिए कोई कानून का मसवदा तैयार करे या फिर यू.पी.ए. सरकार द्वारा तैयार किये हुए बिल को लोक सभा के फ्लोर पर मंजूरी के लिए पेश करें। मैं आपका बहुत-बहुत शुक्रगुजार हूं। मैं अपनी पार्टी की सदर मोहतरमा सोनिया जी का शुक्रिया अदा करते हुए अपनी बात इस शेर के साथ खत्म करता हूँ- साथियों बढ़ो और उन चिरागों को बुझा दो, जिन चिरागों से नफरत का धुआं उठता है।...(व्यवधान)

श्री कीर्ति आज़ाद : अगर असम और जम्मू कश्मीर में यह तकरीर कर देते तो ज्यादा अच्छा लगता।...(व्यवधान)

माननीय सभापति : नथिंग दिस गो ऑन रिकॉर्ड।

*(Interruptions) â€¦**

*m05

श्री कीर्ति आज़ाद : महोदय, मैं माननीय मुलायम सिंह जी से और माननीय ओवैसी जी से केवल कुछ प्रश्न पूछना चाहता हूं, दोनों यहाँ उपस्थित नहीं हैं और फिर मैं चचा खड़गे जी पर आऊंगा।...(व्यवधान) आदरणीय मुलायम सिंह जी पिता तुल्य हैं। मैं उनकी बहुत इज्जत करता हूं। उन्होंने कहा कि मैं बड़े दिनों से सापूदायिकता झेल रहा हूं। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि सरकार में आप हैं, आप झेल रहे हैं या यू.पी. की जनता को झिलवा रहे हैं?...(व्यवधान) आपकी सरकार वहाँ पर है। आपने मुजफ्फरनगर में हुए दंगों की घटना पर चर्चा की। आपने कहा कि किसान और मुसलमान, अगर इन्सान कहा होता तो मुझे ज्यादा अच्छा लगता। हिन्दुस्तान में रहने वाला प्रत्येक व्यक्ति इन्सान है और उसने भारत को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका निभायी है। मैं सिर्फ उनसे जानना चाहता हूँ, उनकी ही सरकार के एक मंत्री थे, जिनका कल मैं टेलीविजन पर एक इंटरव्यू देख रहा था। जिसमें उन्होंने न जाने क्या-क्या इनके बारे में कहा, वह यहां कहना मेरे लिए उचित नहीं होगा। मुझे पूरा विश्वास है कि इन्होंने उस इंटरव्यू को जरूर देखा होगा। मुजफ्फरनगर के दंगे में एक टेलीविजन चैनल ने एक स्टिंग ऑपरेशन किया। उस स्टिंग ऑपरेशन में वे मुजफ्फरनगर वाले

थाना प्रभारी के पास गए थे और उनसे बात कर रहे थे। उन्होंने बताया कि वही मंत्री जो कल इनके बारे में अलग-अलग संस्कृत में पाठ कर रहे थे,...(व्यवधान) उन्होंने ही वहाँ के थाना प्रभारी को यह हिदायत दी थी कि जिन-जिन लोगों का नाम मैं लिखवाऊंगा, उन्हीं लोगों के नाम पर तुम मुजफ्फरनगर के दंगे में एफ.आई.आर. दर्ज करोगे।...(व्यवधान) उसके कारण से न जाने भारतीय जनता पार्टी के कितने लोगों के ऊपर गलत और बेबुनियादी आरोप लगाये गए और आज भी वे केस झेल रहे हैं। मैं जानना चाहता हूँ कि उन्होंने हिदायतें दी थीं तो क्या वे अपने मंत्री को निकालेंगे या उस थाना प्रभारी को निकालेंगे? अगर ये चाहें तो मैं उस टी.वी. चैनल से कहूँगा कि इनको लाकर के वह पूरा स्टिंग ऑपरेशन दिखा दें, जिसमें उसने इस बात को माना है। ...(व्यवधान) जिसमें उसने इस बात को माना है कि सरकार के कहने पर बेगुनाह लोगों के ऊपर हमने यह आरोप लगाये, जिसमें भारतीय जनता पार्टी संगठन के लोग थे।...(व्यवधान)

श्री धर्मेन्द्र यादव (बदायूँ) : महोदय, एक मिनट, मैं कुछ कहना चाहता हूँ।...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Dharmendraji, please sit down. Let him speak.

श्री कीर्ति आज़ाद : महोदय, देखिए, मैं बोलता हूँ कि यह काठ की हाँडी बार-बार नहीं चढ़ती है। इस बार यह लोक सभा के चुनाव में इन्होंने देख लिया। ये विधान सभा की बात करके गये हैं, इस बार इन्हें मुसलमान भी वोट देने वाले नहीं हैं। वह तो अंत में खड़गे जी के पास आऊँगा तो बताऊँगा कि क्यों? सहारनपुर के दंगों के बारे में बात की गई। मैं इनसे जानना चाहता हूँ कि हाई कोर्ट ने आदेश दे दिया था, हमारे अल्पसंख्यक सिख भाइयों को गुरुद्वारा बनाने के लिए वह ज़मीन दे दी गई थी, लेकिन उनको वह गुरुद्वारा नहीं बनाने दिया गया। इनकी पुलिस ने हाई कोर्ट के आदेश की तामील नहीं की और उसके कारण वहाँ दंगे हुए जिसमें कांग्रेस के एक अल्पसंख्यक सदस्य का भी नाम है जिन्होंने वह दंगा कराया था। मैं जानना चाहता हूँ अगर मैं गलत हूँ। अगर मैं गलत हूँ तो ये मुझे अवश्य बताएँ, मैं अपनी बातों को वापस लूँगा। आज जिस प्रकार से ...* ने बात की कि ये लोग परेशान होते हैं, मैं तो समझता हूँ कि ...* बोलते हैं तो पूरा देश परेशान हो जाता है, जो परिस्थिति बनती है और जिस प्रकार से उन्होंने कहा कि दंगा फैलाने वाले इधर हैं, मैं आपसे अनुरोध करूँगा कि जो भी कुछ कार्रवाई में आया हो, उसको निकालें। क्योंकि इस प्रकार के भड़काऊ भाषण देकर ये लोग देश में और समाज में समरसता नहीं लाकर लोगों को लड़ाने की कोशिश करते हैं।

माननीय ...* हमारे बड़े अच्छे मित्र हैं, उनको मैं बहुत अच्छी तरह से जानता हूँ। एक बार उनके पिताजी यहाँ 13वीं लोक सभा में थे, तब मुझे उनका साथ करने का मौका मिला। एक बार उनके साथ पाकिस्तान भी गया था और बड़ी अच्छी तकरीर उन्होंने वहाँ की थी। उनके पास सबसे बड़ा सैक्यूलरिज़्म का सर्टिफिकेट है। उन्होंने नौ-दस प्रश्न पूछे थे। मैं भी नौ-दस प्रश्न पूछ रहा हूँ। पहला यह कि क्या दो साल पहले हैदराबाद में उनकी पार्टी के किसी सदस्य ने भड़काऊ भाषण दिया था या नहीं? ...(व्यवधान) दूसरा, क्या वह व्यक्ति उस समय वहाँ की विधान सभा में विधायक था या नहीं? तीन, क्या संयोग से वह सदस्य इनका ही बड़ा भाई था? चार, क्या उस भड़काऊ भाषण में उसने हिन्दू देवी-देवताओं के बारे में अश्लील शब्दों का उपयोग किया था या नहीं किया था? पाँच, क्या यह सच नहीं है कि उनके भाई ने कहा था कि यह पुलिस दस मिनट पीछे खड़ी हो जाए तो हम हिन्दुस्तान वालों को दिखा देते हैं कि हम यहाँ हिन्दुस्तान में क्या कर सकते हैं। छः, जब उसके ऊपर कार्रवाई के लिए वहाँ की पुलिस गई तो क्या इनके भाई, जिन्होंने यह भड़काऊ भाषण दिया था, वे लंदन नहीं भाग गए थे? सात, यदि इनको, ओवेसी जी को इसकी जानकारी थी और सैक्यूलरिज़्म का सर्टिफिकट लेकर ये घूमते हैं तो मैं इनसे जानना चाहता हूँ कि इन्होंने उनके ऊपर क्या कार्रवाई की, यह हमें यहाँ पर बताएँ। ...(व्यवधान)

SHRI MALLIKARJUN KHARGE : Sir, I am on a point of order. ...(*Interruptions*) I am quoting the same rule as was quoted by the hon. Member from the other side.

HON. CHAIRPERSON : If it is so, then I will delete it. I assure you, it will be deleted.

...(*Interruptions*)

SHRI MALLIKARJUN KHARGE : I am raising this because he is speaking against a Member who is not present in the House. Let him give notice and then we will listen to him...(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: I accept it and I will delete that.

â€¦(व्यवधान)

SHRI S.S. AHLUWALIA (DARJEELING): Sir, I have a submission...(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Shri Ahluwalia ji, we just have 10 minutes more to conclude this discussion. We have to take up the Private Members' Business.

...(*Interruptions*)

SHRI S.S. AHLUWALIA : Sir, if the hon. Member is not present in the House, then it is not his fault...(*Interruptions*) It cannot be deleted. It should form part of the proceedings...(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: The name of the person will be deleted.

...(*Interruptions*)

SHRI KIRTI AZAD : Sir, we listened to him and so I too want to ask him certain questions because he carries the certificate of secularism and so it is my right to knowâ€¦ (*Interruptions*) माननीय सदस्य चले गए हैं। मैं तो उनको बताना चाहता था कि हमारे देश में सौहार्द है। सऊदी अरब जैसा देश नहीं है कि जिस समय श्मशान चल रहे थे और वहाँ पर कोई हिन्दुस्तानी पैप्सी पी रहा था तो उसको मार दिया गया, वह भी मज़दूर था। हिन्दुस्तान में ऐसा नहीं होता है। भड़काने वाले लोग ये होते हैं, बद से बदनाम वाली बात भारतीय जनता पार्टी की है, और कोई दूसरी नहीं है। अब खड़गे जी से पूछता हूँ। खड़गे जी ने दंगों की चर्चा तो की है। ...(व्यवधान) इराक में भाई को भाई मार रहा है, आप कुछ नहीं कहते। आई.एस.आई.एस. इराक में भाई भाई को मार रहा है, एथनिक क्लीन्ज़िंग हो रही है तो कोई कुछ नहीं कहता। यहाँ बैठकर हमें सैक्यूलरिज़्म बताते हैं।

â€¦(व्यवधान)

माननीय सभापति : केवल कीर्ति आज़ाद जी का भाषण ही रिकार्ड में जाएगा, अन्य किसी का नहीं जाएगा।

â€¦(व्यवधान)

श्री कीर्ति आज़ाद : महोदय, मैं माननीय खड़गे जी से जानना चाहता हूं कि आदरणीय खड़गे जी आपने इस विषय पर चर्चा शुरू की थी और केन्द्र की सरकार पर आरोप पर आरोप लगा दिए। खेद की बात यह है कि आपने केवल अंधेरे में तीर चलाए, आपने एक भी पुख्ता प्रमाण नहीं दिया कि भारत सरकार ने किसी भी प्रकार के साप्रदायिक दंगे करवाएं हैं। मैं आपको यही कहना चाहता हूं कि जब आप अंधेरे में तीर चलाते हैं, तो कई बार खुद को भी लग जाता है। आप जो यह सैक्युलरिज्म का सर्टिफिकेट लेकर चल रहे हैं, उस मुखौटे के पीछे असली चेहरा क्या है, भारत की जनता ने वर्ष 2014 के लोक सभा चुनाव में आपको बता दिया है। आज कांग्रेस में परिस्थिति यह हो रही है कि एक कैम्पैन चला था- सेव टाइगर। अब कांग्रेस वाले आपस में बैठ कर कह रहे हैं कि सेव टाइगर कैम्पैन छोड़ो, सेव कांग्रेस कैम्पैन शुरू करो, केवल 44 सदस्य ही बचे हैं। आज यह परिस्थिति इनके साथ है।

महोदय, मैं इनसे केवल इतना कहना चाहता हूं कि इन सब चीजों को बेवजह, बेमतलब बढ़ाने का प्रयास न करें पुख्ता सुबूत हो तो सामने लेकर आएं। महबूबा जी ने अपने भाषण में एसपी का भी नाम लिया था और कहा था कि पुलिस वालों को भी वहां की सरकारें कई बार सीखा कर यह काम करवाती हैं। इसके बारे में मैं आपको पहले बता चुका हूं। इसलिए मैं खड़गे जी से आपके माध्यम से कहना चाहूंगा कि ऐसी बेबुनियाद, जिनमें कोई तथ्य न हो, इस प्रकार के विषय ल लाएं और सदन का समय बर्बाद न करें।

*m06

PROF. SUGATA BOSE (JADAVPUR): Mr. Chairman Sir, on the eve of Independence Day, I rise to speak on the sensitive subject of communal violence and the ways of tackling that menace.

Tomorrow morning, the hon. Prime Minister will be at the Red Fort delivering his first speech from its ramparts. In the winter of 1945, Mahatma Gandhi had gone to the Red Fort to meet the prisoners of the Indian National Army being held there by the British. These freedom fighters had felt no distinction of creed or religion when they fought under Netaji Chandra Bose's leadership with *Chalo Dilli* on their lips. They had dreamt of holding their victory parade in the Red Fort. They dined together before they shed their blood together in the battle of our freedom. "But here, we are faced with Hindu tea and Muslim tea". These freedom fighters complained to Mahatma Gandhi. "Why do you suffer it?" Gandhi Ji asked. "We don't." They replied. "We mix Hindu tea and Muslim tea half and half and then serve. The same with food." "That is very good." Mahatma exclaimed laughing. We need to rekindle that spirit of cultural intimacy and political solidarity among religious communities, if we are to be free of the scourge that goes by the name of communal violence.

Our celebrations of Independence had been marred by terrible partition violence and we had resolved then "Never again." And yet, 1984 in Delhi, 1992-93 in Ayodhya and Mumbai, 2002 in Gujarat have been years of shame for us. In this year of grace, 2014, there have been incidents of violence that are cause for grave concern.

I do not wish to enter into the war of statistics about exactly how many incidents there have been or the blame game as to whether they have taken place in BJP-ruled States or Congress-ruled States. Simply, such episodes must be nipped in the bud. West Bengal is a Heaven of peace in this country in terms of Hindu-Muslim relations. What are the roots of communal violence in our country? Jawahar Lal Nehru had concluded the chapter in his autobiography titled "Communalism rampant" by claiming that surely religion and the spirit of religion have much to answer for.

That, I believe, was a misdiagnosis of the ailment. I share Shri Kharge's concern about the incidents of violence in our country. But we have to be careful not to make religion the enemy of the nation. I wish to assure the Member of the Akali Dal who spoke a little while ago that we are not against religion. We are only against religious prejudice, religious bigotry, religious majoritarianism. We know full well that most people in our country are deeply religious. We respect religious faith. But I would like to say to this Government that when beautiful religious symbols are deployed in the interests of majoritarian triumphalism, then we face a very major problem in our country. That is what, I fear, is happening today. The victory of the ruling party in the general elections has emboldened the more extreme among its followers. Even more than the actual incidents of violence that have taken place, I have grim forebodings of underlying tensions and the sense of fear and the insecurity among the minorities as they feel the cold winds of political exclusion.

To the Government of the day I would like to say, through you, Mr. Chairman, do not remain silent about the episodes of bullying and violence. Restrain and discipline your errant followers with unambiguous words of condemnation and swift action on the ground to uphold the law. ...(*Interruptions*) It is undeniable that a disproportionate number of incidents are taking place in poll-bound constituencies and poll-bound States. Let us not tarnish our democracy by polarizing communities for short-term political gain at the cost of long-term well-being of our country.

The opening speaker from the treasury benches in his fiery speech wearing the saffron robe invoked the name of Swami Vivekananda. Well, let us recall Vivekananda's immortal lines. He said: "I shall go to the mosque of the Muslim; I shall enter the Christians' church and kneel before the crucifix; I shall enter the Buddhist temple where I shall take refuge in the Buddha and his law; and I shall go into the forest and sit down in meditation with the Hindu who is trying to see the light which enlightens the heart of every one." I fervently hope we in Parliament can generate more light than heat. ...(*Interruptions*) I will take no more than one minute. I have been anguished by the tenor of this debate and I want to apply a healing touch before Independence Day.

At the anniversary of the midnight hour of our freedom, let us pledge to devote ourselves to maintaining peace with harmony, with honour among all religious communities – "honour to prudence, honour to sobriety, honour to sanity" to quote Shri Saratchandra Bose.

We sing Rabindranath Tagore's first verse of Jana Gana Mana as our National Anthem. But the time has come to remind ourselves of the song's beautiful second verse, a symphony to unity, a call to weave together a garland of love.

Ahoraho tabo awohano procharito,

suni tabo udaro bani,

Hindu, Boudho, Sikho, Jaino, Parsiko, Musalmano Christani,

Purabo Paschimo ase tabo singhasono pase

premo-har o hoi gatha, Jana Gano Oikyo Bidhayaka Joyo hey,

Bharata Bhagya Vidhata,

Joyo hey, Joyo hey, Joyo hey, joyo, joyo, joyo, joyo hey.

*m07

SHRI N.K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): After hearing the healing speech of our learned friend, I would like to associate with him. This House is discussing a very important and serious issue, but it is very sensitive also.

वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री, संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा जल संसाधन, नदी विकास और गंगा जीर्णोद्धार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोÂष कुमार गंगवार): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि हम माननीय खड़गे जी को धन्यवाद देंगे, उन्होंने हमारी रिक्वेस्ट को माना है। अभी एक 193 कम्प्लीट हो रहा है और दूसरा 193 शेष है, मैं चाहूंगा कि माननीय मंत्री जी का भी वक्तव्य हो जाए। मैंने सुबह चेयर को निवेदन किया था कि जो गैर सरकारी सदस्यों का कार्य है, उसे आगे के लिए स्थगित कर दिया जाए।

HON. CHAIRPERSON: Does the House agree?

SEVERAL HON. MEMBERS: Agreed.

HON. CHAIRPERSON: Okay, thank you.

SHRI N.K. PREMACHANDRAN : The august House is discussing a very important issue but it is also a sensitive issue. From yesterday onwards, we are all witnessing the debate which has taken place in this House and the way the issue is being addressed by various sections of this House. I would also like to make my apprehension in respect of this issue. From where should tolerance come? To my mind, tolerance has to come first from the Members of Parliament of this august House because we are lawmakers and the policymakers of this country. We should hold the flag of harmony not hatred. It is well known that none of the religious institutions or thoughts of India is professing or propagating the philosophy of hatred but harmony. We know that Jesus Christ has told us that we have to love our neighbours as that of you. And the last Prophet Mohammad has taught us that if anybody is felling hungry and you are having food at supper, definitely you are not the follower of Islam. Similarly, the basic Hindu philosophy - *Vasudeva Kutumbaham* - which means the whole world is one family. We are all brothers and sisters and that is the salutation Swami Vivekananda has made in Chicago at the World Conference, which has given life to the Indian culture and Indian spirit and tolerance.

But unfortunately what is happening to our country now a days? If you go through the philosophy of Sri Narayana Guru's, the famous thinker, who said that whatever things you do for the betterment of yourself, it should be for the betterment of the whole society. If this is the thinking, teaching and propagation of these eminent thinkers, philosophers or the religious schools of thought, then, what is the real cause of these communal riots and communal divide? The main reason behind this is communalization of Indian politics. Even centuries back, it was there in the history of India. Due to paucity of time, I am not going into any of the quotations.

Mahatma Gandhi in 1921 has warned us about the dangers of communalism. It was cautioned to us roughly 90 years back. Now a days these incidents are happening. I am not going into the political situation which is prevailing in UP, and many other places where communal riots, communal divide and communal violence are going on. It means that we have already communalized the Indian political situation and legitimizing the communalization in politics means that it is a very dangerous situation which the country is going to face.

What is the survival of Indian democracy? The root cause of survival of Indian democracy for the last 60 or 65 years is mainly because we are able to maintain the secular fabric of our country. That is the main cardinal stone in which the Indian democracy is being built up. If we are shakening the cardinal basic stone of our country's federal structure or the secular Constitution, definitely, the survival of country itself would be in peril. So, Sir, my point is this. What is happening in our country? After assuming power by the NDA Government at the Centre, there is an apprehension of safety in the minds of the minority, especially in the minds of Muslims. That is there. Why it is there? Even the manifesto of the BJP, if you go through it, the three controversial issues – construction of Ram *Janma Bhoomi* Temple, repeal of Article 370 and Uniform Civil Code - were there. I do accept the fact that you have got the mandate to govern the country but the main question is that the aspirations and the concerns in the minds of the minority people have to be taken into consideration when we deal with the subject. That is why, the secular Constitution is threatened and that apprehension would definitely cause communal divide and that would lead to communal riots.

Who is suffering in the communal riots? We can examine almost all the communal riots in India since Independence or even prior to Independence, the poor, downtrodden and common people are being killed in the communal riots.

Big business people are not being killed; only common, poor people are being killed in communal riots. So, it is the bounden duty of the Government to remove the apprehension in the minds of the minorities regarding their safety and security. When we talk about development and GDP growth, nothing is going to happen if we are having a communal divide in the country. We can have a prosperous India only if we have communal harmony and unity in the country.

*m08

श्री भगवंत मान (संगरूर): सभापति महोदय, बहुत ही संवेदनशील विषय पर बहस चल रही है। मैं किसी भी पार्टी का नाम नहीं लूंगा। देश में जब सांप्रदायिक हिंसा होती है। दंगे और राजनीति बिल्कुल मिक्स हो गए हैं। लोगों का विश्वास राजनीतिक लोगों से उठ गया है और लोगों का विश्वास पुलिस पर से भी उठ गया है। लोग दंगे नहीं चाहते हैं। आज दर्शक गैलरी में बहुत सारे छात्र आए हुए

हैं, जो देश के भविष्य हैं। इनसे पूछिए कि ये क्या चाहते हैं? ये चाहते हैं कि हमें पढ़ाई मिले। लोग चाहते हैं कि महंगाई और बेरोजगारी कम हो जाए। लोग चाहते हैं कि उन्हें करप्शन रहित कंट्री चाहिए। लेकिन, इन मुद्दों से हटाने के लिए कई जगह पर सांप्रदायिक हिंसा करवा दी जाती है ताकि बेसिक मुद्दे पीछे छूट जाएं। ऐसे में नुकसान किसका होता है। दंगों में आम आदमी मरते हैं। ...(व्यवधान) इसलिए मैं यह कहना चाहता हूं।...(व्यवधान) पहले तो मैं सत्ता पक्ष को कहता हूं कि इनके पास बोलने के लिए साढ़े चार घंटे हैं लेकिन ये पांच-पांच घंटे तक बोलते रहते हैं। हमें बोलने के लिए दो-चार मिनट मिलते हैं। ...(व्यवधान) कभी सुन भी लिया करें। ...(व्यवधान) अगर यह एक दिन माफी न मांगे तो इनका दिन पूरा नहीं होता है। ...(व्यवधान) सबसे ज्यादा वह बोलते हैं।

मैं यह कहना चाहता हूं कि दंगों में आम आदमी मरते हैं।...(व्यवधान) इस सरकार के पास बहुत बड़ा मैंडेट आ गया है, बहुमत आ गया है। हम जनता के फैसले का सत्कार करते हैं। गवर्नमेंट को चाहिए कि ऐसे प्रबंध किए जाएं कि देश तरक्की की ओर जाए। हमारे युवा पढ़ें। यहां से ब्रेन ड्रेन हो रहा है। उनको लगता है कि उनकी पढ़ाई के मुताबिक उन्हें जॉब्स नहीं मिलती हैं। वे दूसरे देशों में जा रहे हैं। हमारे देश का दिमाग हमारे ही देश के काम आएं, ऐसी चीजों को रोकने के लिए बहुत ही जोरदार प्रबंध किए जाने चाहिए। आखिर में, मैं एक शेर बोलकर अपनी जगह लेता हूं।

"कौम को कबीलों में मत बांटिए, लंबे सफर को मीलों में मत बांटिए।

एक बहता दरिया है मेरा भारत, इसको नदियों और झीलों में मत बांटिए। "

*m09

श्री अरविंद सावंत (मुम्बई दक्षिण) : सभापति महोदय, धन्यवाद। मैं इस बहस में तो बोलने वाला नहीं था, लेकिन जब मैंने कुछ भाषण सुने, तो मुझे कुछ बुरा और कुछ अच्छा भी लगा। इस देश का जो बंटवारा हुआ, वह बंटवारा ही जिस नींव पर खड़ा हुआ, उसको आज हम भूल गए है। मुलायम सिंह जी उस वक्त कहने लगे कि देश को अगर किसी ने बचाया है तो मुसलमानों और किसानों ने देश को बचाया है। आप यह नहीं सोचते हैं कि इस विचार से लोगों के मन में क्या पैदा होगा? जब एप्रीहैन्सन की, माइनॉरिटिज की बात करते हैं, जब माइनॉरिटिज के लिए इस तरह से आप बात करते हैं तो मेजॉरिटी को क्या फील होता है, क्या उसके लिए आपने सोचा है? इस देश में मेजॉरिटी की बात आप इग्नोर करते गए। जात-पात, प्रांत, धर्म और रीजन के ऊपर हम हर वक्त बंटवारा करते रहे हैं।

सभापति महोदय, आज मुझे वंदनीय हिन्दू हृदय सम्राट, शिव सेना प्रमुख बाला साहेब ठाकरे जी की याद आ रही है। स्टॉन्च पैट्रीओट देशभक्त, वह हर वक्त यही कहते रहे कि हमें हिन्दू-मुसलमान से भी आगे जाना चाहिए। हिन्दुस्तान में एक ही शख्स हुआ है जिन्होंने मंडल आयोग का विरोध किया। उन्होंने क्यों विरोध किया? हम जाति में बंटवारा करने लगे। आज वह हर प्रांत में बढ़ रहा है, आंदोलन हो रहे हैं, संघर्ष हो रहे हैं। वर्ष 1992, मुम्बई में क्यों दंगा हुआ? मुम्बई के लोगों ने आपका क्या बिगाड़ा था? ये लोग कौन हैं? ये किस प्रांत के हैं? ये किस धर्म के हैं? कौन से मजहब के हैं। इराक में कौन लड़ाई कर रहा है। क्या हिन्दू कर रहे हैं? कौन किसको मार रहा है? इन सारी चीजों को देखकर बुरा लगता है। एक अच्छी सरकार आई है, अच्छे दिन की बात कर रही है, अच्छा काम करने की सोच रही है। अगर कहीं एक-आध हादसा हो गया तो उसे लेकर ऐसा रंग देने की कोशिश करते हैं जैसे माइनॉरिटी पूरी डर गई है। मेरे क्षेत्र में माइनॉरिटी के बहुत से लोग हैं। वे बहुत अच्छी तरह रहते हैं। मैं कभी-कभी कहता हूं - वो हिन्दू रहेगा न मुसलमान रहेगा, इंसान की औलाद है इंसान रहेगा। वह इंसान हिन्दुस्तान का रहना चाहिए। अगर वह इंसान है तो उसे हिन्दुस्तान की जमीं से प्यार करना चाहिए। हमें हमीद पर गर्व है। जब तक श्री अजहरुद्दीन झमेले में नहीं आए, हमें उन पर भी गर्व था। जब लगता था कि देश के लिए खेल रहे हैं तो अच्छा लगता था। हमने कभी नहीं कहा कि वे मुसलमान हैं। लेकिन अगर मुसलमान इस राष्ट्र के प्रवाह में खुद को शरीक करें, गंगा और यमुना का संगम हो तो आगे चलकर गंगा का पानी कौन सा है और यमुना का पानी कौन सा है, क्या पता लगता है। मुसलमानों को इसे सोचना चाहिए कि वे गंगा के पानी में ऐसे घुल जाएं कि आगे चलकर पता न चले कि यह पानी गंगा का है या यमुना का है, इतना ही पता लगे कि यह पानी हिन्दुस्तान का है, हिन्दुस्तान का है। जब ऐसी बात होती है तो मुझे बहुत दुख होता है। मैं बोलना नहीं चाहता था।

15.41 hrs (Hon. Speaker *in the Chair*)

इन्होंने गांधी जी, सुभाष चन्द्र जी, विवेकानन्द जी की बात की। I do remember, once Mahatma Gandhi had said, 'Spiritualise the politics'. Are we spiritualising it? Who has ruled this country for 60 years? Could they spiritualise the politics? On the contrary, they have divided the politics on regions and religions. ...(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : अरविंद जी, क्या आपकी बात हो गई?

â€¦(व्यवधान)

श्री अरविंद सावंत : मैं दो मिनट में अपनी बात समाप्त करूंगा।...(व्यवधान) मैं बोलना नहीं चाहता था। मुझे बहुत बुरा लगा इसीलिए मैं बोलने के लिए खड़ा हुआ।...(व्यवधान) मुझे इस बात का बुरा लगा कि हमारे बुजुर्ग लोग इस सदन में कहते हैं कि अगर इस देश को आगे बढ़ाया है तो मुसलमानों और किसानों ने बढ़ाया है। यह कोई बात हुई। क्या यह मजहब इकट्ठा करने की बात हुई, मजहब को एक साथ लाने की बात हुई? यह तो बंटवारे की बात हुई। मैं चाहता हूं कि ऐसे बंटवारे की बात इस सदन में आगे न हो। अगर बात करनी है तो प्यार की बात करें, रिश्ते की बात करें। रिश्ता ऐसा बनाएं कि आगे चलकर हम खुद सोचें। हम हर चीज को पोलीटिसाइज करते हैं, हर चीज को चुनाव के नजरिए से देखते हैं कि इससे मुझे चुनाव में क्या लाभ होगा, मेरी पार्टी को क्या लाभ होगा।...(व्यवधान) आप यही काम करते आए हैं, इसलिए 44 पर चले गए। मुझे लगता है नरेन्द्र मोदी जी इस देश को जिस ढंग से आगे बढ़ाना चाहते हैं, हम सब मिलकर उनके हाथ और मजबूत करें, तभी देश आगे बढ़ेगा।

श्री संतोष कुमार गंगवार: अध्यक्ष महोदया, नियम 193 के अंतर्गत चर्चा पूरी हो गई है। माननीय खड़गे जी ने इस बात को स्वीकार भी कर लिया है। राजनाथ जी की तबीयत खराब है, वे नहीं आ सकते। इसलिए इस चर्चा का रिप्लाई अगले सत्र में होने की संभावना रहेगी। दूसरे 193 के अंतर्गत चर्चा का रिप्लाई माननीय मंत्री महोदया अभी देंगी।...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे : अध्यक्ष महोदया, ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : अगर आप चाहें तो स्टेट मिनिस्टर रिप्लाई दे सकते हैं।

â€¦(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे : चाहने का प्रश्न नहीं है। राजनाथ जी की तबीयत ठीक नहीं है। We wish him all the best; speedy recovery. He should come and reply; we wish. In his absence, if the Prime Minister comes and replies, we will hear him. Otherwise, there is no point in that. That is why, I agreed for that.

माननीय अध्यक्ष : कुछ माननीय सदस्य महिलाओं और बच्चों पर बढ़ते अत्याचार के विषय पर अपनी लिखित स्पीच देना चाहते थे। अगर वे ऐसा चाहते हैं तो अपनी स्पीच टेबल पर ले कर सकते हैं।

*t27

Title: Further discussion regarding Need to have stringent legislation to check increasing atrocities against women and children in the country rasied by shri P. Karunakaran on the 6th August, 2014 (Discussion concluded).

***श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर):** नियम 193 के तहत् महिलाओं और बच्चों के प्रति बढ़ रहे अत्याचारों की रोकथाम करने के लिए भारतीय संसद में निर्भया कांड के बाद बहुत बड़ा कानून बनाया गया , लेकिन इसके बावजूद भी महिलाओं के प्रति अत्याचार थमने का या कम होने का नाम नहीं ले रहा है। समाचार पत्रों में आये दिन महिलाओं के प्रति अत्याचार के समाचार प्रकाशित हो रहे हैं। इसका मुख्य कारण शिक्षा के साथ संस्कारों की कमी है। वर्तमान में जो शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है उससे चरित्र निर्माण और संस्कार निर्माण के क्षेत्र में बहुत कम संस्कार स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों को दिये जा रहे हैं और संस्कार निर्माण का महत्वपूर्ण स्थान स्कूल ही होता है। घरों में भी बच्चों को संस्कार निर्माण का अवसर नहीं मिलता है क्योंकि बच्चों के मां-बाप अलग काम में बिजी रहते हैं और बच्चे इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के माध्यम से संस्कार निर्माण के अतिरिक्त अन्य कार्य में बिजी रहते हैं, जिससे संस्कार निर्माण का क्षेत्र उपेक्षित हो गया है। समाज में साधु-संतों के माध्यम से जो संस्कार निर्माण या जो चरित्र निर्माण का कार्य कराया जाता है, उसमें भी बहुत कमी आई है। इससे इन परिस्थितियों में मेरा यह मानना है कि जब तक संस्कार निर्माण और चरित्र निर्माण के क्षेत्र में बहुत समुचित ढंग से कार्य सम्पादित नहीं किया जायेगा और नैतिकता का विकास समाज में नहीं किया जायेगा तब तक मात्र कानून से ही महिलाओं पर अत्याचार रूक जायेगा, ऐसी संभावना कम है। उनके दहेज के विरोध में शारदा एक्ट वर्षों से हैं, लेकिन फिर भी दहेज की खबरें आये दिन अखबारों में प्रकाशित होती हैं। ऐसे बहुत से उदाहरण हैं जो महिलाओं को सुरक्षा देने के लिए कानून बन गये हैं, लेकिन इसके बावजूद उन क्षेत्रों में अपराध कम नहीं होते हैं। बच्चों के प्रति जो अपराध गठित हो रहे हैं, उनमें भी एक अध्ययन से ये जानकारी मिली है कि परिवारों और उनके साथ बच्चों के प्रति गठित अपराध ज्यादा करते हैं। इसमें यौन शोषण के अपराध भी सम्मिलित हैं। अतः इन सभी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए परिवार, समाज और स्कूली शिक्षा द्वारा संस्कार निर्माण और चरित्र निर्माण की शिक्षा उपलब्ध कराकर समाज और देश में नैतिकता का विकास करना अति आवश्यक है और इससे ही महिलाओं एवं बच्चों पर अत्याचार की घटनाओं में कमी आयेगी।

कानून बनाने के बाद उसकी अनुपालना होती है, उसका मॉनिटरिंग सिस्टम भी देश में कमज़ोर है। इसलिए कड़े नियमों के साथ कानून की पालना तथा मॉनिटरिंग सिस्टम किये जाने की जरूरत है और जो लोग कानून की पालना की अनदेखी करते हैं उनके खिलाफ सजा एक नियमित अवधि में शामिल होनी चाहिए। जिससे कानून का डर भी अपराधों को रोक सकता है अभी कानूनों का डर नहीं होने से कानून होते हुए भी अपराध की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं।

*m02

***SHRIMATI K. MARGATHAM (KANCHEEPURAM):** Before I begin my maiden speech in this august House, I would like to thank the Chief Minister of Tamil Nadu, Hon'ble Amma for this opportunity to participate in debates and discussions and to voice the grievances of the people.

As we all know, it is in our tradition to address 'our country, the rivers and mountains', in feminine gender. Extending this further, I say that the women of India should be respected and given prominent position, and also due regards.

But what are we seeing in the country presently? More and more crimes are being committed against women and children. The National Crime Records Bureau report confirms that they are really on the rise.

The Union Ministry of Women and Child Development runs schemes like Integrated Child Development Scheme, Nutrition Programme for Adolescent Girls, National Creche Scheme for the Children of Working Mothers, Integretated Programme for Street Children, and the others. Moreover, this Ministry is supposed to take care of women and children who account for 70% of our population. But in terms of money allocation in the Budget, it is very meagre.

Coming to the female sex ratio, it is declining in India. But interestingly, the records of census show that in Tamil Nadu, the female sex ratio has increased from 986 to 996 girls to 1,000 males. This is due to the efforts taken by the Chief Minister of Tamil Nadu in protecting the girls. Hon'ble Amma is constantly taking efforts for the welfare of women and girl children. The Cradle Scheme is a grand success in Tamil Nadu and female foeticide has been completely stopped. Women are being helped by the Tamil Nadu Govt. during their pregnancy and during lactating period. The graduate-girls are being given Rs. 50,000 at the time of marriage along with 4 grams of gold. For the working women, Hon'ble Amma has constructed 20 working women hostels.

As per the UN Report, Tamil Nadu is one of the three Indian States which has achieved the Millennium Development Goals, whereas as a country, India has failed. This amply shows the efforts taken by the Tamil Nadu Govt. under Dr. Amma.

In Delhi, a few years back, we had the gruesome rape-cum-murder of Nirbhaya. It was very widely reported that the juvenile who was instrumental in her death, has escaped the law. Here, the silver lining is that the Hon'ble Minister is in favour of bringing a law to treat such juveniles as adults. It is a very welcome initiative and it would act as a deterrent. Secondly, the UPA Govt. has constituted Nirbhaya Fund, which is un-utilized. I request the Minister to utilize that fund for the welfare of women and children.

In India, we have adequate laws, but the implementation is very weak and ineffective. In the case of Tamil Nadu, our Chief Minister is initiating action to book such culprits under the Goondas Act. This would act as a severe punishment. There is a need to have such effective provisions, if we intend to stop such atrocities. I hope that the Hon'ble Minister will initiate such actions that are necessary to stop crimes and atrocities against women and children in this country.

*m03

***श्रीमती प्रियंका सिंह रावत (बाराबंकी):** आज देश के समक्ष अनेक बड़ी समस्याएं और चुनौतियां हैं उनमें सबसे प्रमुख चुनौती महिलाओं के प्रति बढ़ रहा अत्याचार और उनका शोषण है। शोषण और अत्याचार का कोई स्वरूप नहीं है बल्कि इसके अनेक स्वरूप हैं, जैसे- दहेज के लिए महिलाओं पर हो रहा अत्याचार; बलात्कार एवं सामूहिक बलात्कार; लड़कियों और महिलाओं पर तेजाब फेंकना; ऑनर किलिंग; लड़कियों और महिलाओं की खरीद बिक्री और जबरन वेश्यावृत्ति; तथा घरेलू हिंसा।

हमारे देश का इतिहास अत्यंत गौरवशाली रहा है। हमारे धार्मिक और पौराणिक ग्रंथों में महिलाओं को पुरूषों के समक्ष बराबर का दर्जा दिया गया है और यहां तक कि कई स्थानों पर तो उन्हें पुरूषों से भी ऊपर स्थान दिया गया है। किन्तु आज हम देखते हैं कि प्रत्येक महिला कहीं न कहीं किसी प्रकार से प्रताड़ित हो रही है। मैं नहीं कहती कि

महिलाओं पर हो रहे अत्याचार और शोषण के लिए पुरूष ही दोषी है, इसके लिए कुछ हद तक महिला भी दोषी है। बहू पर सास द्वारा शोषण इसका उदाहरण है। फिर भी महिलाओं के शोषण में पुरूष का बड़ा हाथ है।

महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को अगर आंकड़ों के नज़रिये से देखें तो हम पाते हैं कि प्रत्येक 3 मिनट में एक महिला के साथ अत्याचार होता है। इसी प्रकार प्रत्येक 29 मिनट में किसी न किसी महिला के साथ रेप की घटना घटित होती है। National Crime Records Bureau of India के आंकड़े भी बताते हैं कि देश में महिलाओं के विरूद्ध हो रहे अत्याचार की घटनाओं में विगत वर्षों में वृद्धि हुई है। Bureau के अनुसार वर्ष 2011 के मुकाबले वर्ष 2013 में महिलाओं पर अत्याचार की घटनाओं में 6.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्ष 2011 में कुछ घटनाओं की संख्या जहाँ 2,28,638 थी, वहीं 2012 में बढ़कर 2,44,638 हो गयी। ये सरकारी आंकड़ें हैं जो हकीकत का एक पहलू हैं जबकि स्थिति और भी भयानक है। अनेकों मामले हैं जो या तो दर्ज नहीं कराए जाते या किसी न किसी दबाव के चलते वापस ले लिये जाते हैं।

महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के लिए सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक कारण हैं। महिलाओं में साक्षरता का अभाव, कुपोषण, स्त्री-पुरूष असमानता, हाल के दिनों में आया सूनापन जैसे कारण हैं।

किन्तु सबसे बड़ा सवाल है कि सरकार का क्या रोल होना चाहिए। क्या सरकार जो कर रही है उस पर संतोष करके बैठ जाना चाहिए या उससे बढ़कर महिलाओं पर बढ़ रहे अत्याचारों को रोकना चाहिए, उत्तर सबको पता है। यहां सरकार की बड़ी भूमिका है। हालांकि सरकार ने आज़ादी के बाद से अनेक कदम उठाए हैं जिसमें सबसे पहले महिलाओं के कल्याण पर ध्यान दिया गया, तत्पश्चात् उनके आर्थिक विकास पर और हाल के दिनों में महिला सशक्तीकरण पर। सरकार ने महिलाओं के लिए एक मंत्रालय खोला, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और अनेक कल्याणकारी एवं विकासपरक योजनाएं चल रही हैं। इन सबका नतीजा सकारात्मक रहा है और महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुधरी है। शिक्षा एवं स्वास्थ्य में सुधार आया है, किंतु मूल प्रश्न है महिला सशक्तीकरण का।

एक महिला तभी सशक्त मानी जायेगी जब वह यह निर्णय कर सके कि उसके लिए सही क्या है और गलत क्या है। इतना ही नहीं अगर एक महिला अपने लिए हुए निर्णय को लागू करवाने में सक्षम होती है या अपने विरूद्ध किए जा रहे निर्णय को रोक पाने में सक्षम है तो मैं मानूंगी कि वह महिला सशक्त है। जब तक महिला के सन्दर्भ में उसके अच्छे या बुरे का निर्णय कोई और लेगा तब तक महिला सक्षम नहीं मानी जा सकती, भले ही एक महिला कितनी ही पढ़ी-लिखी हो और कितना ही सम्पन्न हो, किंतु यदि उसे निर्णय की आज़ादी नहीं है तो वह सक्षम नहीं कहलायेगी।

1993 में देश में पंचायती राज अधिनियम लागू हुआ, तत्पश्चात् 33औ आरक्षण की वजह से निर्णय निर्माण में लाखों महिलाएं घरों से निकल कर आगे आयी। आज उसका परिणाम भी आने लगा है, किंतु देश की संसद और विधान सभाओं में आरक्षण एक राजनीतिक मुद्दा ही बनकर रह गया है। मेरा सरकार से निवेदन है कि महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों पर सख्ती से रोक लगाएं, लोगों में जागरूकता बढ़ाएं, महिलाओं को इतना सक्षम बनाया जाए कि वे खुद अपना निर्णय ले सकें, इसके लिए महिलाओं को 33औ आरक्षण विधायिकाओं में नहीं बल्कि प्रशासन में भी दिया जाए।

*m04

***श्रीमती रेखा वर्मा (धौरहरा):** आशा बहू एक घरेलू सामाजिक महिला है जो एन.एच.आर.एम.(राष्ट्रीय कार्यक्रम) के अन्तर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक 500 की न्यूनतम आबादी पर चयनित की जाती है। इनका कार्य समाज के बच्चों तथा महिलाओं को विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी उपलब्ध कराना जैसे- टीकाकरण, आयरन की गोलियां वितरित करना, मोतियाबिन्द का ऑपरेशन, प्रसव आदि में सहयोग करना आदि ऐसे कार्य जो घरेलू महिलाओं के सीधे स्वास्थ्य सेवाएं व साथ-साथ सामाजिक रहन-सहन के स्तर को ऊँचा उठाती है।

इन सब के बदले में उन्हें पारिश्रमिक कार्य के अनुसार काफी कम 50, 199 या 200 रूपये ही मिलते हैं जिससे इनका उत्साह प्रभावी नहीं रह पाता है

ऐसी स्थिति में एक निश्चित मानदेय देना उचित होगा, जिससे इनका मनोबल व आत्मविश्वास बढ़े और कार्यक्षेत्र में बढ़ोतरी हो। ऐसा करने से हम अपने बच्चों व महिलाओं की स्वास्थ्य सेवा के साथ-साथ रहन-सहन व सामाजिक स्तर में भी बदलाव कर सकते हैं।

*m05

***श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोश (सूरत):** वर्तमान सरकार ने अपने बजट में महिला सुरक्षा एवं महिला विकास विषयों पर भी ध्यान दिया है। देश में महिला अत्याचार संबंधित मामलों पर यह सदन चिंता व्यक्त कर रहा है। महिला अत्याचार की घटना देश को शर्मसार करती हैं। कई बार हमें यह सोचने पर मजबूर कर देती हैं कि भारतीय संस्कृति जो कि दुर्गा, सीता, सरस्वती से पहचानी जाती है उस देश में ऐसी घटनायें चिंता का विषय बन रही है। भारतीय संस्कृति में कहा गया है " यत्र नार्यस्तु पुजयन्ते रमन्ते तत्र देवताः ", जहां नारी की पूजा होती है वहां पर देवता भी वास करते हैं।

इन कुछ दिनों में घटित घटनाओं में एक और चिंतित करने वाली बात सामने आई है, पुलिस डिपार्टमेंट के लोगों का इन जघन्य अत्याचारों में लिप्त होना। मेरा सरकार को सूचित करना है कि ऐसे अपराधों में जिनकी जिम्मेदारी रक्षा की है वे या तो सरकारी कमचारी अगर भक्षक बनते पाये गये, उनकी पूरी सर्विस की जो भी जमा पूंजी सरकार के पास है, चाहे वह प्रोविडंड फंड हो, ग्रेच्युटी फंड हो, पेंशन फंड हो, वे सब पीड़ित परिवार को दे दिया जाये। यदि उनके परिवार का कोई व्यक्ति ऐसी घटनाओं में लिप्त पाया गया तो इस राशि को आधा कर दिया जाये। ताकि इनकी जिम्मेदारी जो रक्षक की है वह भक्षक न बनने पाये। ऐसे मामलों में पुलिस कार्यवाही में देरी के जो भी कारण हैं, उनका पूरा ब्यौरा पुलिस डायरी एवं एफ.आई.आर. में लिखना अनिवार्य करना चाहिये कि घटना कब घटी एवं एफ.आइ.आर. कब हुई तथा पुलिस ने कार्यवाही कब शुरू की। आमतौर पर ऐसे केसों में बताया जाता है कि पुलिस कार्रवाई में देरी होने के कारण अपराधी को भागने का मौका मिलता है। वह मौका न मिल पाये एवं न्याय मिलने में जल्दी हो। 2014 के बजट में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्रभाई मोदी जी ने शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर धन देकर निर्भया फंड का उचित उपयोग पीड़ितों को मदद देकर, फास्ट ट्रेक कोर्ट द्वारा त्वरित न्याय देने का प्रावधान किया है, जो स्वागतयोग्य है।

इस विषय में गुजरात में महिला सुरक्षा विषय को जिस तरह से सरकार द्वारा हाथ में लिया गया है, उसी तर्ज पर केन्द्र सरकार भी योजना बनाये, ऐसी मेरी मांग है। मैं गुजरात की माननीय मुख्यमंत्री आनंदीबेन पटेल द्वारा इस विषय को जिस गंभीरता से हाथ में लिया गया है, उसकी भी सराहना करती हूँ। उनके द्वारा पदग्रहण करने के बाद प्रस्तुत किये गये पहले बजट में गुजरात में कई नये कदम उठाये गये हैं। गुजरात की प्रथम महिला मुख्यमंत्री माननीय आनंदी बहन ने जनता और सरकार के बीच में सेतु का काम करके जेन्डर बजट के माध्यम से महिलाओं के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। स्व-सुरक्षा की जागृति लाने हेतु पुलिस डिपार्टमेंट और एन.जी.ओ. के साथ मिलकर महिलाओं को स्व-सुरक्षा के क्षेत्र में शिक्षित किया है। पुलिस महकमे में 33 प्रतिशत महिला पुलिस कर्मचारियों की भर्ती करने का नियम बनाकर इस कार्यक्रम में महिलाओं को जोड़ा है। एन.सी.सी., महिला सुरक्षा समिति, पुलिस डिपार्टमेंट द्वारा महिलाओं की पुलिस भर्ती ट्रेनिंग, पुलिस को बातमी देना, मदद करना जैसे बहादुरीपूर्ण कार्य करने वाली महिलाओं को प्रोत्साहन देकर उनको सशक्त किया है। गुजरात सरकार ने 1 से 15 अगस्त के बीच महिला सुरक्षा एवं महिला सशक्तीकरण का पूरे राज्य भर में कार्यक्रम घोषित किया है। गुजरात सरकार ने चुनाव पंच को भी सुझाव दिया है। जिसके घर में शौचालय न हो वह सरपंच से लेकर तालुका जिला पंचायत तक चुनाव नहीं लड़ पायेंगे, क्योंकि ज्यादातर घटनाओं में घर में शौचालय न होने की वजह से रात को अकेली बहन, बेटी पर जघन्य घटना होती है।

इसी मंत्रालय से जुड़ा प्रश्न है, बाल मजदूरी। यह भी हमारे लिए चिंता का विषय है। मैं जानना चाहूंगी की पिछले पांच सालो में देश में बाल मजदूरी के कितने केसेस पाये गये और कितने बच्चों को छुड़ाया गया? जिन बच्चों को छुड़ाया गया, वे आज कहां पर हैं और उनकी शिक्षा की क्या व्यवस्था की गई है? मेरा आग्रह है कि जिन जगहों से इस प्रकार के बाल मजदूर पकड़े जाते हैं, राष्ट्रीय स्तर पर उन प्रतिष्ठानों को जो भी राहत सरकार से मिल रही है, उनको तत्काल रोक दिया जाये। जैसे कि ऐसे प्रतिष्ठानों को भारत का राष्ट्रीय कानून भंग करने की सजा के रूप में उनको मिलने वाली इन्कम टैक्स बगैरह की छूट को रद्द कर देना चाहिए, ताकि कानून का भय अपराधियों के ऊपर रहे।

जैसे पुलिस प्रशासन में 33 प्रतिशत महिलाओं की भर्ती, सेल्फ डिफेन्स की 15 दिनों की ट्रेनिंग, पूरे राज्य में बहन, बेटियों को मिले, उसके लिए अलग से बजट का आवंटन हो, जिन महिलाओं द्वारा इस प्रकार के गुनाहों को रोकने के लिए कुछ भी कार्य किया है, उनका सम्मान जैसे कार्य प्रमुख हैं। मान्यवर गुजरात के मुख्यमंत्री द्वारा चुनाव आयोग से एक और गुजारिश की गई है। आमतौर पर गांवों में घर में शौचालय न होने की वजह से बहन, बेटियों को घर से बाहर ऐसी क्रियाओं के लिए जाना पड़ता है। उसका लाभ असामाजिक तत्वों द्वारा उठाया जाता है। उन्होंने आयोग से मांग की है कि हर घर में शौचालय की व्यवस्था जहां पर न हो उस गांव के सरपंच, प्रधान को इसके लिए जिम्मेदार मानना चाहिये और वह चुनाव आगे चलकर न लड़ पाये, ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए। मुझे विश्वास है कि हमारी सरकार ऐसे मामलों को संवदेनशीलता से हाथ में ले रही है। यह चर्चा उसी का परिणाम है। गुजरात में कार्य करने के लिए सुरक्षा समिति वगैरह की योजना बनाई गई हैं, वह पूरे देश भर में लागू करने के लिए मेरी मांग है। कन्या शिक्षा में स्वरक्षा को भी सम्मिलित करने का मेरा सुझाव है। साथ ही, ऐसे मामलो में फास्टट्रैक कोर्ट की व्यवस्था एवं पीड़ितों का विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से कोर्ट कार्यवाही में सम्मिलित होना, जैसे उपाय किये जाने चाहिए ताकि पीड़िता एवं उसके परिवार की पहचान छुपाई जा सके। 2014 के बजट में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्रभाई मोदी जी ने शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर धन देकर निर्भया फंड का उचित उपयोग पीड़ितों को मदद देकर फास्ट ट्रेक कोर्ट द्वारा जल्दी न्याय देने का प्रावधान किया है, जो स्वागतयोग्य है।

*m06

***श्रीमती कृष्णा राज (शाहजहाँपुर):** भारत में महिलाओं के साथ हो रही बलात्कार की घटनाओं से सम्पूर्ण भारत के साथ ही अमेरिका जैसा देश भी चिंतित है। देशभर में हो हरी बलात्कार की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले ही हैं, दूसरी ओर जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों की भद्दी-भद्दी टिप्पणियां हैं। जिम्मेदार पदों पर रहे पूर्व में केन्द्रीय कोयला मंत्री जी, महाराष्ट्र के गृह मंत्री हों या उत्तर प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व रक्षा मंत्री हो, सभी जिम्मेदार लोगों की सोच महिलाओं के प्रति संवेदनहीन होने का नमूना है, किंतु जब सीमा पर जवान शहीद होता है तो कहा जाता है कि धन्य है वो माँ, जिसने इस लाल को जन्म दिया तब अप्रत्यक्ष रूप में स्त्री का ही गुणगान होता है। वैसे भी हमारे भारतीय इतिहास में महान नारियों का योगदान है, जिन्होंने अपनी योग्यता, बुद्धिमत्ता, साहसिक क्षमता और युद्ध कुशलता का परिचय दिया है।

इतना ही नहीं, उत्तर प्रदेश के आला अधिकारी द्वारा अपने अधीनस्थ महिला कर्मियों से छेड़छाड़ के मामले में निलम्बित हुए हैं। उत्तर प्रदेश की बदहाली का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है। राष्ट्रीय रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार आरोपी सिद्ध होने के बाद सजा होने के अनुपात में अन्य मामलों की अपेक्षा बलात्कार की घटनाओं की रफ्तार कम है।

हमारे उत्तर प्रदेश की लड़कियों के साथ बलात्कार करने के बाद पेड़ पर लटका दिया जाता है। बरेली में एक युवती के साथ बलात्कार कर तेजाब पिलाकर पेट्रोल से जलाया जाता है। शाहजहाँपुर में डेढ़ वर्ष पहले पूजा नाम की नाबालिग लड़की का अपहरण कर लिया गया। पूजा का परिवार कलेक्ट्रेट के सामने तभी से आज तक धरने पर है। इतना ही नहीं शाहजहांपुर में 6 से 13 वर्ष की बालिकाओं के साथ बहुत सारी घटनायें प्रकाश में आयी हैं।

क्रायसिस सेल के अतिरिक्त देश भर में 114 शहरों में तत्काल सहायता पहुँचाने हेतु जी.सी.एस. आधारित सहायता वाहन तैयार किये जाने के साथ ही एकीकृत कम्प्यूटर आधारित प्रेषस प्लेटफॉर्म की भी योजना है जिससे संकट में फंसी महिलाओं को लोकेट किया जा सकेगा। इस योजना से पीड़ित महिला को काफी हद तक बचाया जा सकेगा।

महिला अपराध के साथ ही शोषण का आंकड़ा भी हमारे देश में गंभीर समस्या है। हर साल हज़ारों बच्चे गायब हो जाते हैं। अकेले वर्ष 2013 में 7181 बच्चे गायब हुए जिनमें अभी तक आधे भी जिला प्रशासन द्वारा पता नहीं लगाये जा सके हैं। गायब बच्चों में आधे से ज्यादा लड़कियां हैं।

सूत्र बताते हैं कि मानव तस्करी का सबसे बड़ा अड्डा दिल्ली के एक इलाके में है। निठारी काण्ड भी एक आश्चर्यचकित उदाहरण है। मैं पुनः अपनी सरकार को बधाई देती हूं जो महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा के प्रति संवेदनशील है।

उत्तर प्रदेश में मुजफ्फनगर, महाराजगंज, गोरखपुर, लखीमपुर, औरिया, फतेहपुर, कानपुर, रामपुर, बहराइच, फिरोजाबाद, कन्नौज आदि जिलों में महिलाओं के साथ जघन्य अपराध के मामले सामने आते रहे हैं। सदियों से चली आ रही पुरूष प्रधान की मानसिकता भी इसके लिए जिम्मेदार है। महिला को दोयम दर्जे का मानने की मानसिकता भी कम नहीं हो पा रही है। इस मानसिकता को बदलने की शुरूआत मात्र कानून से ही नहीं बल्कि घर परिवार से करनी पड़ेगी। स्त्रियों के साथ मर्यादित व्यवहार करना घर ही से सीखना होगा। साथ ही अपराधी के खिलाफ कार्यवाही कर जल्द से जल्द कठोर सजा का प्रावधान होना चाहिए। सजा ऐसी हो, जिसे सोचकर लोगों को डर लगे।

मैं माननीय राजनाथ जी, माननीया मेनका गांधी जी को बधाई देना चाहती हूं कि महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था पर्याप्त न होने के कारण देश के प्रत्येक जिले में विशेष केन्द्र की स्थापना करने की घोषणा की गई है। इस केन्द्र को क्रायसिस सेल के नाम से जाना जायेगा, जिसके अंतर्गत महिलाओं के विरूद्ध होने वाले अपराधों को रोकने के लिए एवं संकट में फंसी महिलाओं को तुरंत सहायता पहुंचायी जा सकेगी।

" बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं " पर 100 करोड़ का प्रावधान किया है, जो हमारी सरकार की संवेदनशीलता महिलाओं के प्रति दर्शाता है। अंत में कहना चाहूंगी कि स्त्री और प्रकृति के समतुल्य है, इन दोनों का सम्मान करना ही होगा अन्यथा मानव जीवन का अस्तित्व खतरे में पड़ जायेगा।

*m07

***श्री पी.पी. चौधरी (पाली):** एनसीआरबी द्वारा जारी पिछले तीन साल के आंकड़ों ने महिलाओं के खिलाफ हुए अपराधों में बताया है कि इनमें लगातार बढ़ोतरी हुई है, जो कि इस प्रकार है- 2011 में 2,28,650, 2012 में 2,44,270 एवं 2013 में 3,09,546 अपराध हुए हैं, जो कि हमारे लिए बहुत चिंता का विषय है।

इस विषय पर काफी दिनों से चर्चा हो रही है कि कठोर कानून लाया जाये जिससे महिलाओं और बच्चों के खिलाफ जो अपराध बढ़ गये हैं, उनको रोका जा सके। मैं सबसे पहले आपको यह बताना चाहूंगा कि इस संबंध में देश में कठोर कानून की कोई कमी नहीं है। हाल ही में क्रीमिनल लॉ (अमेंडमेंट एक्ट) 2013 में महिला के खिलाफ अपराधों के मामले में कठोर सजा का प्रावधान रखा गया है। इसमें अगर जरूरत है तो कानून की सही पालना की है।

महिलाओं के खिलाफ अपराधों के कई कारण हैं, इसे हमें अच्छी तरह से समझना पड़ेगा। भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में महिला शिक्षा नगण्य है, गरीबी के कारण और अन्य कई कारणों से प्रांरभिक व माध्यमिक शिक्षा तक भी गांव में महिलायें शिक्षित नहीं हैं। अगर देखा जाये तो उच्च शिक्षा में ग्रामीण महिलाओं की शिक्षा में भागीदारी सिर्फ 9औ है। यही नहीं, आज गांव में महिलाओं के लिए शौचालय का अभाव है और लगभग 70औ लोग खुले में शौच के लिए जाते हैं, जो कि इस तरह के अपराधों में डर के मारे उन्हें झुण्ड में शौच के लिए जाना पड़ता है। यही नहीं हमारी पुलिस फोर्स में सिर्फ 5औ महिला ही हैं जबकि इनकी भागीदारी लगभग 33औ होनी चाहिए। गांव में जो अपराध होते हैं, उनमें समाज के डर के मारे प्रथम सूचना रिपोर्ट भी दर्ज नहीं की जाती है। यह सभी कारण अपराध में बढ़ोत्तरी की वजह बनते हैं। अभी हाल में पहली बार हमारे वित्त मंत्री व हमारे प्रधानमंत्री जी ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए एक अलग से निर्भय कोष का प्रावधान रखा है, जिसमें पहली बार 150 करोड़ रूपये चयनित जिलों के लिए रखे गये हैं, जिससे अगर महिलायें तकलीफ में हों तो ट्रैकिंग सिस्टम द्वारा उनको राहत पहुंचाई जाये। यही नहीं हमारे वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री जी ने 2014-15 के बजट में बच्चों के विकास के लिए 81075 करोड़ रूपये का प्रावधान रखा है। इसमें 18,691 करोड़ रूपए इंटीग्रेटिड चाइल्ड डेपलपमेंट, 100 करोड़ रूपए " बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओं " के लिए, 715 करोड़ रूपए नेशनल मिशन फॉर एम्पॉवरमेंट ऑफ वूमेन और 400 करोड़ रूपए इंटीग्रेटिड चाइल्ड प्रोटेक्शन स्कीम के लिए रखे गये हैं। इससे साफ जाहिर होता है कि हमारे प्रधानमंत्री जी महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए चिंतित हैं।

जिस तरह के महिलाओं के खिलाफ अपराध होते हैं, उनकी रोकथाम के लिए उपाय सोचे जाने चाहिए। अगर अपराध घटित भी हो जायें तो उसमें पीड़ित को शीघ्र सहायता पहुंचाने के लिए भी उपाय सोचे जाने चाहिए। आज की तारीख में जब अपराध घटित होता है तो सबसे बड़ी दुख की बात यह है कि अपराध की जांच करने वाली एजेंसी, जो पुलिस फोर्स हैं, वह पूर्ण रूप से इक्विप नहीं होने की वजह से जांच में कई तरह की खामियां रहती हैं। जांच में खामियां रहने के और कई तरह के कारण हैं, जिसका विवरण मैं नहीं देना चाहूंगा। न्यायालय में ज्यादातर महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों में प्रोसीक्यूशन द्वारा जांच सही नहीं करने व पक्ष नहीं रखने की वजह से ज्यादातर अपराधी छूट जाते हैं। अतः मेरा सरकार से निवेदन है कि अपराध की जांच प्रोसीक्यूशन व अपराध में एक्सपर्ट अधिकारियों द्वारा ही करवायी जानी चाहिए, जिससे आज की तारीख में जो 90औ अपराध में दोषमुक्ति होती है, उससे निज़ात पाई जा सके। यही नहीं, महिलाओं और बच्चों के अपराध के संबंध में स्पेशल न्यायालयों का गठन हो, जिससे तीव्र गति से न्याय हो, जिससे आमजन में कानून के प्रति विश्वास भी पैदा होगा व अपराधी के मन में यह डर भी रहेगा कि उसे सजा अवश्य मिलेगी।

आज की तारीख में बालिकायें जो हैं वह एक बोझ की तरह मानी जाती हैं, जिसकी वजह से आज पुरूष एवं स्त्री का अनुपात जो है, 2011 के सेंसेक्स के अनुसार 1000 पुरूषों पर 914 महिलायें हैं, जो कि हमारे लिए चिंता का विषय ही नहीं अपितु एक बहुत बड़ी चुनौती है। आज देश में भ्रूण हत्याओं की संख्या बहुत बढ़ गई है। 1600 भ्रूण हत्या प्रतिदिन होती है इसलिए हमें पीसीपी एक्ट में उचित संशोधन की आवश्यकता है।

जहां तक बच्चों के खिलाफ अपराध के मामले हैं वह हमसे छुपे हुए नहीं हैं। मैं आपको यह बताना चाहूंगा कि लगभग 1 लाख बच्चे प्रतिवर्ष गायब रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने भी इस संबंध में सालाना रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा है। बच्चों के खिलाफ हो रहे अपराध हमारे लिए बहुत चिंता का विषय है, इसको हमें गंभीरता से लेना होगा।

अतः सरकार से यह निवेदन करना चाहूंगा कि महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हो रहे अपराध में कमी लाने के लिए उचित उपाय किये जाने चाहिए।

*m08

***श्रीमती अनुप्रिया पटेल (मिर्जापुर):** मैं एक उदाहरण के उल्लेख के साथ अपनी बात प्रांरभ करना चाहूंगी कि हरियाणा के भगाणा गाँव की दुष्कर्म पीड़ित 4 बच्चियां कई दिनों से लगातार सत्ता के इस मंदिर से चंद मिनटों की दूरी पर जंतर-मंतर पर इस आशा में बैठी हैं कि उन्हें इंसाफ मिलेगा। यह वही स्थान है जहां दिसंबर की ठंड में लोगों ने निर्भया के लिए इंसाफ मांगा था। कई कड़े कानून बने, क्योंकि सरकार हरकत में आई, लेकिन फिर ठीक उसी जगह 4 और निर्भया बैठने को विवश है क्यों?

क्या सवाल वाकई कड़े कानून बनाने का है? या फिर सवाल ये है कि तमाम कड़े कानून बनकर भी लागू नहीं हो पाते और महिलाओं पर अत्याचार करने वाले अपराधियों के मन में कानून का खौफ नहीं है और विशेषकर से जब पीड़िता समाज के वंचित दलित पिछड़े आदिवासी तबके से आती हो, जो जातिवादी और सामन्तवादी मानसिकता की शिकार हो और अवसर जिसके प्रति लोकतंत्र के चार स्तम्भों का व्यवहार भी अलग किस्म का हो, तो यह कानून का भय और भी नगण्य हो जाता है।

पुलिस-प्रशासन के लचर रवैये के चलते अधिकांश मामले दर्ज नहीं हो पाते हैं। अत्याचार की भुक्तभोगी महिलाएं हिम्मत जुटाकर यदि थाने पहुंचती हैं तो उन्हें सहानुभूति के स्थान पर दुत्कार,अपमान व उपहास ही मिलता है और जो मामले दर्ज हो भी जाते हैं तो उनकी कोर्ट में सुनवाई कई वर्षों तक चलती रहती है। पूरा मामला तारीखों में सिमट कर रह जाता है।

क्या फास्टट्रैक कोर्ट सचमुच फास्ट काम कर पा रही हैं? जिससे अपराधी के मन में खौफ पैदा हो। कुछ ऐसी ही स्थिति बाल उत्पीड़न के मामलों की भी है। 5-12 वर्ष की उम्र के बच्चों पर सर्वाधिक अत्याचार होता है। बच्चों के शोषण के अधिकांश मामलों का भी समय पर निपटारा नहीं हो पा रहा है। जिसके फलस्वरूप घटनाओं की संख्या में गिरावट नहीं आ रही है।

सरकार ने 2012 में बच्चों की सुरक्षा के लिए POSCO अर्थात् Protection of Children Against Sexual Offences एक्ट बना ताकि मामलों का जल्द निपटारा हो सके, लेकिन कानून लागू होने की तिथि से लेकर 2013, सितम्बर तक महज साढ़े पांच फीसदी मामलों का ही निपटारा हो सका और केवल 14 आरोपियों को ही दोषी करार दिया गया।

इतना ही नहीं इस कानून में केवल 7 वर्ष की सजा का प्रावधान है, जिसके चलते भी अपराधी के मन में कानून का भय पैदा नहीं हो पा रहा है। इसलिए और कड़े प्रावधान

करने और समय से निपटारा करना जरूरी है।

*m09

*SHRI MULLAPPALLY RAMCHANDRAN (VADAKARA): This august House had discussed this matter in the last Lok Sabha consequent to the public outrage after the horrifying gang rape committed on a hapless girl who was on her way back to home in December 2012 in the capital city of Delhi. This horrendous incident along with other instances of rape and atrocities on women and children had evoked great amount of rancor among the people across the country.

In order to give teeth to the existing laws, this august House, in its wisdom, had decided to bring about drastic amendments in the criminal laws. The House has passed the Criminal Law (Amendment) Act unanimously. The intent of this amendment is widely lauded but it is saddening to note that it has failed to stem the tide of violence.

It is agonizing to note that females are targeted everywhere, whether it be at the schools, colleges, work places, streets, buses and even at public functions and at their own homes. It is also astounding to observe that more than 90% of the rapes are by relatives, friends or acquaintances and it mostly takes places in or near the houses where the victims stay.

In a male dominated society known for its notorious caste, communal, gender and parochial mindset one would expect even worse.

At the outset, I wish to place on record that it is not dearth of adequate laws that stand in the way of containing offences against women and children. It is mindset and attitude that must undergo rapid transformation. Therefore my initial observation is that we should take up this as a challenge to a civilized society and utmost vigilance is to be exercised by the community at large. What is required is to arouse the collective conscience of the society.

As the saying goes "charity begins at home" and lessons relating to values and morals should also start from every household. I underscore the importance of moral education to children right from pre-primary stage itself. Unfortunately such a system is not in vogue in our educational system and adequate changes must be brought in the syllabus. We need not wait until a judicial pronouncement is made in this regard. This House can debate this issue in the spirit of co-operative federalism and direct the state governments to do the needful accordingly.

Education is the most effective vehicle that can bring about social transformation and it is in the classrooms that the seeds of values are sown and grown.

Our rich cultural heritage has taught us to adore women and give utmost affection to children. But what is now happening in the country is deeply disturbing as also most reprehensible. No day passes without reports relating to gory rape, molestation, attacks and atrocities against women and children.

Human right organizations and World Watch groups look at our country with utter contempt and disgust.

Gender discrimination is prevalent in many parts of the country and attack and atrocities committed on the women and girls are astonishingly on the rise. We should all hang our heads in the shame that female foeticide is still in vogue in our country. Not only this, our society also discriminates against women and penalizes them at the community level. Dowry death and honor killing are also prevalent.

With the advancement of technology we have access to internet and the most sophisticated means of communication. Easy access to these is exposing young minds to the worst forms of pornography, sexual abuse and the most vulgar perversions. Here, parents need to be sensitized on the evil effect of these modern social media.

The impact of this definitely vitiates the young minds. In the infamous Delhi gang rape case a seventeen year old boy is one of the accused. This is not an isolate incident. There are a large number of instances where juveniles are involved in rapes and other heinous crimes. In many cases the argument of being juvenile is an escape route for the perpetrators of horrendous crimes.

Hence, the demand to revisit the Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act 2000 cannot be brushed aside.

There are reports that many of our tourists centres are infested with pedophiles. This issue is to be addressed as children from poor families are being lured into sex at early age.

It is a well known fact that instead of supporting the victims the predators are often being protected. Law enforcing agencies, especially the police have a formidable role to play in checking the crimes and atrocities against women and children.

There are allegations against the complicity and negligence of the police. The fact remains that colonial mindset of some policemen often leads to insensitivity and indifference when crime is committed on women and children has taken place in the attitude of the police after the Nirbhaya case.

Since the present criminal law is stringent, victims and their families come forward to register their cases with the police.

The demand for Police Reforms is long pending and time has come for us to bring in drastic reforms in the police system. As part of the police reforms it is incumbent on the Govt. to reserve minimum 30% posts in the police forces for women. This will definitely instill confidence and faith in the police.

We need to take immediate steps to combat gender based violence and improve safety of women, girls and children in our country.

The tormented females undergo a great amount of emotional trauma and psychological support and counseling are to be provided to the victims.

Civil society groups, youths, women's organizations, political denominations, etc. have a critical role to play in combating the crime against women and children.

The steps initiated by the Ministry of Women and Child Development, as mentioned in the communication of the hon'ble Minister, dated 26th June 2014, is indeed a step in the right direction. The 'Rape Crisis Centre' and the proposed facilities like helpline, first aid/medical help, assistance in lodging FIR, psycho counseling and legal aid etc. are all absolutely essential. But more remains to be done in changing the mindset of the perpetrators as also the attitude of the society.

Before I conclude, I urge upon the Govt. to bring about early legislation for increased reservation for women in Parliament and Legislative Assemblies. Representation to local body is also to be enhanced. Without empowerment of women it is hardly possible for us to attain our goal of gender equality and contain atrocities and violence against women and children. Therefore, what is necessary is empowerment of women at all levels of our society.

*m10

*SHRIMATI RITA TARAI (JAJPUR): We all know that women have always been at the receiving end in our society, especially in India. Women's status is regarded inferior to their male counterpart. The birth of a girl-child has always been treated with sympathy and not with what she deserves. When the family welcomes the male-child with celebrations, the girl-child is neglected right from birth. While rearing the child, there is always a bias against the girl-child. The family gives priority to the education of the boy rather than the girl. Despite all discriminations, if a girl manages to study well, she is deprived of the right to education and more so to the higher education. Parents marry her off at the first available opportunity and treat her as a burden. She gets saddled with early pregnancy and motherhood. She hardly gets any nutritious food for sustenance. She just survives like a pitiable creature in misery.

